●वर्ष : 16 ●अंक : 254 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 06 जनवरी 2025


Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### अजमेर दरगाह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से चादर चढ़ाई गई



नूना न्यूज एजेंसी।

**अजमेर।** दरगाह में जारी उर्स के दौरान रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने सिंह की ओर से चादर पेश की। उन्होंने सिंह द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा। संदेश में सिंह ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उर्स में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोग श्रद्धा की भावना के साथ शामिल होते हैं।

### कोच्चि में कॉलेज छात्रावास की इमारत से गिरने से एमबीबीएस छात्रा की मौत



नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** कोच्चि के एक निजी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की इमारत की सातवीं मंजिल से गिरने से एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि फातिमा शाहना के. यहां चलक्का में श्री नारायण आयुर्विज्ञान संस्थान की एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार रात 11 बजे हुई और शुरूआती जांच से पता चला है कि वह इमारत की सातवीं मंजिल के गलियारे से फिसल गई। अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत जांच और पूछताछ जारी है।

### पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन देखा गया, जांच शुरू की गई

नूना न्यूज एजेंसी।


**पुरी।** में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर रविवार तड़के एक ड्रोन देखे जाने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। ड्रोन तड़के करीब 4:10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया और यह करीब आधे घंटे तक मंडराता रहा, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो गईं, क्योंकि यह क्षेत्र उड़ान निषिद्ध क्षेत्र है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई हैं। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने चिंता जताते हुए कहा, मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है और स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, पुरी एसपी (पुलिस अधीक्षक) ने टीम गठित करके घटना की जांच शुरू कर दी है। मुझे उम्मीद है कि संबंधित व्यक्ति की पहचान कर ली जाएगी और ड्रोन जब्त कर लिया जाएगा। हरिचंदन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार मंदिर परिसर के चारों ओर स्थित चार निगरानी टावरों पर चौबीसों घंटे पुलिस कर्मियों को तैनात करने की योजना बना रही है।

## आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे...

# भाजपा की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में भाजपा परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना 'आप-दा' आरोप दोहराया। इसी के साथ पीएम मोदी ने दिल्ली सरकार पर पिछले 10 सालों में राष्ट्रीय राजधानी के विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया। पीएम ने दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मौका देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें।



सिर्फ बीजेपी दिल्ली का विकास कर सकती है।' आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, 'बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है। अपनी पार्टी की उपलब्धियां गिनवाते हुए पीएम ने कहा, 'जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची, तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेटो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो चुके हैं। आज जनकपुरी और कृष्णा पार्क के लिए भी मेट्रो शुरू हो चुकी है। ये जो नमो रेल प्रोजेक्ट है ये भी केंद्र सरकार बना रही है। शीशमहल विवाद को उठाते हुए, पीएम मोदी ने कहा, 'दिल्ली पर आप-दा लाने वाले ये झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देती...केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं। इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने उअऋ रिपोर्ट के आधार पर शीश महल पर हुए खर्च का खुलासा किया है। पीएम ने आगे कहा, 'जब दिल्ली के लोग कोरोनो से जूझ रहे थे, जब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे. तब इन लोगों का पूरा फोकस अपना शीश महल बनवाने पर था। इन्होंने शीश महल का भारी भरकम बजट बनाया। यही इनकी सच्चाई है। इन्हें दिल्ली के लोगों का कोई परवाह नहीं है। इसलिए आज हर दिल्लीवासी कह रहे हैं, आप-दा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। अंत में पीएम ने कहा कि आप-दा वालों के काम का कोई हिसाब नहीं है, लेकिन इनके कारनामे बेहिसाब हैं। ये तब होता है जब नीयत में खोट होता है और जनता के प्रति निष्ठा नहीं होती है।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## एनआईए ने साइबर ठगी मामले में दिल्ली के जामिया नगर में छापेमारी की


नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मानव तस्करी और साइबर ठगी मामले की जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में हाल में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी के घर पर छापेमारी की। एजेंसी ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शनिवार को की गई छापेमारी में मोबाइल फोन या टैबलेट और कई बैंकों के डेबिट कार्ड, पासबुक और चेक बुक सहित अन्य वित्तीय दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने बयान में कहा कि यह मामला कामरान हैदर और अन्य आरोपियों द्वारा एक आपराधिक साजिश से जुड़ा है, जो भारतीय युवाओं को लाओ पीडीआर के गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र में भेजने में संलिप्त थे। गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र में थाईलैंड, लाओस और म्यांमा के कुछ हिस्से शामिल हैं। दुनिया में अफीम की व्यापक खेती के कारण ये देश मादक पदार्थों की वैश्विक तस्करी में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। बयान में कहा गया है कि गिरोह के पीड़ितों को लाओ पीडीआर में साइबर जालसाजी के लिए मजबूर किया गया था जिसमें यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अब तक की जांच से पता चला है कि हैदर ने पूरे ऑपरेशन में मदद की थी और वह उन पीड़ितों से क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट के जरिए पैसे ऐंठने में भी शामिल था, जिन्होंने चीनी जालसाजों के चंगुल से निकलने की कोशिश की थी।

## 15 वर्षीय किशोरी जान देने के लिए यमुना नदी में कूदी, दिल्ली पुलिस ने बचाया

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कथित तौर पर आत्महत्या करने के लिए पुल से यमुना नदी में छलांग लगाने वाली 15 वर्षीय एक किशोरी को डूबने से बचा लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि किशोरी ने कथित तौर पर पढ़ाई के तनाव के कारण पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी थी। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार को हुई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने पीटीआई- को बताया कि रूप नगर पुलिस थाने को एक महिला ने अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी घर पर अकेली थी जबकि परिवार के बाकी लोग बाहर गए हुए थे। उसके अकादमिक प्रदर्शन के बारे में बातचीत के बाद मां को चिंता हुई कि उसकी बेटी कोई बड़ा कदम उठा सकती है इसलिए



उसने अपने बेटे से कहा कि वह उसे देखे कि वह (किशोरी) सुरक्षित तो है। बंथिया ने बताया कि घर लौटने पर बेटे ने देखा कि किशोरी ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनीता त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और सिग्नेचर ब्रिज तथा वजीराबाद ओल्ड ब्रिज इलाकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मेट्रो साइट गार्ड को जानकारी दी गई जिसके बाद वे तलाशी में शामिल हो गए। बंथिया ने बताया, तलाशी के दौरान किशोरी को यमुना नदी में कूदते हुए देखा गया। एक गार्ड और तैराक बृजेश कुमार ने नदी में छलांग लगाई और उसे बचा लिया। उसे सुरक्षित रूप से किनारे पर खींच लिया गया और पुलिस टीम ने तुरंत उसकी काउंसलिंग की। औपचारिकताओं के बाद उसे उसके परिवार के हवाले कर दिया गया।

## घरेलू विवाद के बाद पति ने पत्नी और बेटे के धारदार हथियार से हत्या की

नूना न्यूज एजेंसी।

**राजस्थान।** के हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में रविवार को घरेलू विवाद के बाद एक व्यक्ति ने पत्नी और छह माह के बेटे की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। थानाधिकारी भूप सिंह सहारण ने बताया कि वार्ड संख्या सात के हाथियावाला बास के निवासी प्रेम (25) ने रविवार सुबह पत्नी राधिका (22) और बेटे को जान से मार दिया। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद आरोपी कमरा बंद करके गोगामेडी मेले में चला गया जहां एक हेड कांस्टेबल ने उसे खून से सने कपड़ों में संदिग्ध अवस्था में घूमते पाया तो पूछताछ की , जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। सहारणने बताया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान पत्नी और बेटे की हत्या की बात कबूल की है। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है जबकि मृतका के परिजनों के हरियाणा से यहां पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल से नमूने ले लिये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सहारण ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी और मृतका दोनों रिश्ते में मौसेरे भाई बहन थे। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले उनका झगड़ा हुआ था।

## प्रियंका गांधी पर दिए गए विवादित बयान पर रमेश बिधूड़ी ने दी सफाई माफी भी मांगी

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर विवादित बयान देकर दिल्ली की राजनीति गरमा दी है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने बिधूड़ी के बयान की आलोचना की है। कांग्रेस ने बिधूड़ी से माफी की मांग की है। इन सब के बीच बिधूड़ी ने अपने बयान पर सफाई दी और साथ ही उन्होंने माफी भी मांगी। रमेश बिधूड़ी ने एक्स पर एक पोस्ट में माफी मांगते हुए लिखा, 'किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिये गये बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे है। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूं।' मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगर मेरी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं इस पर खेद व्यक्त करता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।



### ››› बयान पर क्या सफाई दी थी?

रमेश बिधूड़ी ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा, 'लालू यादव, जो उनकी (कांग्रेस) सरकार में मंत्री थे, ने जो कहा था कि उन्हें सबसे पहले हेमा मालिनी के बारे में जो कहा उसके लिए माफी मांगनी चाहिए। मैंने जो कहा, मैंने उसकी तुलना पहले कही गई बातों से की। पवन खेड़ा को सबसे पहले पीएम के पिता के बारे में जो कहा उसके लिए माफी मांगनी चाहिए। बिधूड़ी ने साफ तौर पर कहा कि वह कांग्रेस को जवाब देने के लिए उन्हीं की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या हेमा मालिनी महिला नहीं हैं? जब दो लोग गलती करते हैं, तो दोनों को सुधारना पड़ता है। अगर कांग्रेस अपनी गलती सुधारेगी, तो हम भी वही करेंगे, यह पाखंड है, उन्होंने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया है। इसलिए उन्हें कोई मुद्दा चाहिए जिस पर वे वोट मांग सकें। इसलिए वे मुझ पर आरोप लगा रहे हैं।

## गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**गुजरात।** के पोरबंदर के बाहरी इलाके में स्थित हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर उतरने के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई जिससे चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई जब आईसीजी का ह्यएडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) नियमित उड़ान से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के रनवे पर उतरने की कोशिश करते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें आग लग गई। बाद में दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया । जडेजा ने बताया कि चालक दल के तीनों सदस्यों को हेलीकॉप्टर से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया। कमला बाग पुलिस थाने के निरीक्षक राजेश कनमिया ने बताया, उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक ने अस्पताल लाए जाने के बाद दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि चालकदल के सदस्यों की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

## कुमारस्वामी कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार

### ›› कमीशनखोरी के आरोपों को साबित करें : सिद्धरमैया

नूना न्यूज एजेंसी।

**दावणगेरे (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी द्वारा उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार और मंत्रियों पर कमीशनखोरी के लगाए आरोपों को सबूतों के साथ साबित करने की रविवार को चुनौती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना दस्तावेजों और सबूतों के आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए। सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, उनसे यह साबित करने को कहिए कि 60 प्रतिशत कमीशनखोरी हो रही है और भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्हें इसे साबित करने दीजिए। सिर्फ आरोप लगाना नहीं, बल्कि इसे साबित करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम केवल आरोप लगाना नहीं है, बल्कि उन्हें सबूतों और दस्तावेजों के साथ इसे साबित भी करना चाहिए। इससे पहले,



जनता दल(सेक्युलर) नेता कुमारस्वामी ने मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा और उस पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के मंत्री भी इसमें शामिल हैं। कुमारस्वामी ने कहा, उनके (कांग्रेस पार्टी के) समर्थक ठेकेदार खुद कह रहे हैं कि कमीशन 60 प्रतिशत को पार कर गया है और पिछली सरकार बेहतर थी... लूट पीडब्ल्यूडी या सिंचाई विभागों में हो रही है। अब तो आवास आवंटन के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं...। कुमारस्वामी ने अधिकारियों और ठेकेदारों की आत्महत्या का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया, पहले छोटे अधिकारी इसमें संलिप्त होते थे, लेकिन अब यह विधान सौध में हो रहा है। मंत्रियों को आवास आवंटित कराने के लिए भुगतान करना पड़ता है... हर विभाग में कमीशन का प्रतिशत तय है...। केंद्रीय मंत्री ने सिद्धरमैया से अपनी अंतरात्मा को जवाब देने को कहा। उन्होंने साथ ही मुख्यमंत्री के आसपास के लोगों पर राज्य और सार्वजनिक संसाधनों की लूट में लिप्त होने का आरोप लगाया। कुमारस्वामी ने कहा, आपको (मुख्यमंत्री को) इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। सिद्धरमैया ने इस वर्ष के बजट की प्राथमिकताओं पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि इसे मार्च में पेश किया जाएगा और जब वह बजट-पूर्व परामर्श बैठकें शुरू करेंगे, तब प्राथमिकताओं के बारे में बोलेंगे। वह राज्य का वित्त विभाग भी संभाल रहे हैं। बस किराए में हाल ही में हुई बढ़ोतरी पर सिद्धरमैया ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन, डीजल की कीमतों में वृद्धि, नई बसों की खरीद की लागत और मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारों के दौरान बस किराये में वृद्धि हुई है।

CMYK

# दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सावित्रीबाई फुले अवार्ड कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चिरांदा को

## माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर 25 महिलाओं व पुरुषों को दिया जाएगा यह सम्मान

**नई दिल्ली।** अन्तरराष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में शिक्षा की क्रांति ज्योति जलाने वाली , राष्ट्रमाता, भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य और उल्लेखनीय योगदान देने वाली 25 विशिष्ठ विभूतियों को माता सावित्रीबाई फुले अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित करेगा। यह जानकारी शनिवार को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन तथा महासचिव प्रो. के.पी. सिंह ने दी है । उन्होंने बताया है कि इस सम्मान के लिए ज्यूरी बोर्ड बनाया गया है। प्रोफेसर पी.ड़ी. सहारे को ज्यूरी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। संस्थान के पास 100 से अधिक विशिष्ट महिलाओं व पुरुषों के आवेदन आ चुके हैं जिसकी जल्द ही घोषणा ज्यूरी बोर्ड द्वारा कर दी जाएगी।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि संस्थान की ओर से 25 महिलाओं व पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार ज्यूरी बोर्ड ने निर्णय लिया है कि दूसरा माता सावित्रीबाई फुले अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चिरांदा को दिया जाएगा। प्रोफेसर मीना चिरांदा ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र, शाल, स्मृति चिह्न और ग्यारह हजार रुपये की धनराशि भेंट की जाएगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाली विशिष्ट महिलाओं व पुरुषों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसमें विवेकानंद कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर पिंकी मौर्य , डिप्टी डीन प्रोफेसर गीता सहारे , प्रोफेसर अरुण चौधरी , के. योगेश , डॉ.बलवान सिंह बिबयान , गाँधी भवन के निदेशक प्रोफेसर के .पी. सिंह , प्रोफेसर मनोज कुमार कैन ( हिन्दी विभाग ,पीजीडीएवी कॉलेज ) डॉ. मनोज वर्मा ( संसद टीवी एंकर ) केंसर विशेषज्ञ डॉ.विष्णु मूर्ति को इस वर्ष का सावित्रीबाई फुले अवार्ड दिया जाएगा । बाकी नामों की सूचना भी जल्दी ही ज्यूरी आगामी बैठक में घोषित करेगी।

# बिधूड़ी को टिकट देकर भाजपा ने लोकतंत्र को कलंकित किया: दानिश अली




**दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद दानिश अली ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद के भीतर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले रमेश बिधूड़ी को दिल्ली विधानसभा चुनाव का टिकट देकर लोकतंत्र को कलंकित किया है। पिछली लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर चर्चा के दौरान तत्कालीन भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने 21 सितंबर, 2023 को उस समय के बसपा सदस्य दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी के शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया था। बाद में बिधूड़ी ने माफी मांगी थी। भाजपा ने शनिवार को बिधूड़ी को कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ उम्मीदवार बनाया। अली ने एक्स पर पोस्ट किया, शर्मनाक। भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को कालकाजी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बना कर फिर साबित कर दिया है कि भाजपा का संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक शिष्टाचार से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र के मंदिर में भद्दी गालियां देने वाले को पुरस्कृत कर भाजपा ने समूचे लोकतंत्र को कलंकित किया है। अली ने दावा किया किया यह टिकट देना इस बात साफ ऐलान है कि नफरत की राजनीति अभी रुकने वाली नहीं है, क्योंकि इसी तरह से आगे बढ़े बड़े नेता अब नई पीढ़ी के इस तरह के नेताओं को आगे बढ़ाएंगे।

# अत्याधुनिक उपकरणों से होगी संगम की सुरक्षा और निगरानी

महाकुम्भ नगर, जनवरी : महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में गंगा और यमुना नदियों की सुरक्षा और निगरानी के लिए बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे इक्विपमेंट्स के माध्यम से जल पुलिस संगम के चप्पे चप्पे पर निगरानी कर रही है। लाइफबॉय और एफआरपी स्पीड मोटर बोट जैसे इक्विपमेंट्स आपातकालीन परिस्थितियों में सहायक होंगे। जल पुलिस योजना के तहत अब तक करीब 2500 जवान तटों की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिए गए हैं। तीन जल पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्परता से कार्यरत हैं। तटों पर सुरक्षा की मॉनीटरिंग जल पुलिस के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 17 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। इस मैनपावर में मेले की शुरूआत से पहले और इजाफा किया जाएगा और इसमें करीब 1300 जल पुलिस के जवान और जुड़ जाएंगे। इस तरह मेले के दौरान कुल मिलाकर 3800 जल पुलिस के जवान तटों की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे। तटों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने जल पुलिस के जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। 8 किमी. क्षेत्र में डीप वॉटर बैरीकेडिंग की गई है। 2 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 11 एफआरपी स्पीड मोटर बोट तैनात की गई हैं। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए 4 वाटर एंबुलेंस भी तैनात कर दी गई हैं, जो तत्काल राहत पहुंचाने में समक्षम हैं। इसके अतिरिक्त 25 रिजार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटनिंग सिस्टम को भी तैनात किया गया है तो चेंजिंग रूम के साथ 4 अनाकोंडा मोटर बोट भी तैनात की जा रही है। इसके अतिरिक्त जल पुलिस के जवान 2 किमी. लंबी रिवर लाइन से भी लैस हैं, जो यमुना में ट्रैफिक कंट्रोल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा उन्हें 100 डाइविंग किट, 440 लाइफबॉय, 3 हजार से ज्यादा लाइफ जैकेट, 415 रेस्क्यू ट्यूब, 200 थ्रो बैग विद रोप, 29 टॉवर लाइट सिस्टम, एक अंडर वाटर ड्रोन और एक सोनाल सिस्टम से लैस किया गया है।

# कोहरे के कहर ने लील ली दो जिंदगी, 3 घायल



कोहरे के बीच रेंगते हुए वाहन। (सतीश भराड़ा)

कैथल, जनवरी : कैथल में धुंध के कारण शुक्रवार रात अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। घायलों को शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार रात को सडकों पर गहरी धुंध छाई रही और विजिबिलिटी केवल 5 मीटर रही जिस कारण सडक पर वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा रहा। शाम को वाहन आपस में टकराने के कारण चीका निवासी 25 वर्षीय शुभम की सड़क हादसे में मौत हो गई। रात को ही धुंध के कारण हुए सड़क हादसे में गांव मानस निवासी 27 वर्षीय रिंकू की भी मौत हो गई। तीन अन्य लोग भी इस हादसे में घायल हो गए। इनमें जींद निवासी साहिल और प्रदीप का नेशनल हाईवे 152डी पर एक्सीडैंट हुआ। इसके अलावा कैथल के सजूमा गांव का रहने वाला अशोक भी हादसे का शिकार हुआ।

# डा. वीरेंद्र कुमार ने डीएनटी समुदायों के कल्याण हेतु हितधारक बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली, जनवरी : केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों (डीएनटी) के कल्याण और विकास पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण हितधारक बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले के साथ-साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। यह बैठक शिक्षण के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करती है, जिसमें डीएनटी समुदायों के उत्थान के लिए राज्यों में लागू की गई अभिनव पहलों और सफल कार्यप्रणालियों को दशार्या जाता है। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु की सरकारों के प्रतिनिधियों ने इन समुदायों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान करने और उनके समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए अपनी रणनीतियों और समाधानों को साझा किया। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के गणमान्य व्यक्तियों ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके अलावा, 14 एसईईडी भागीदार एजेंसियों के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी), राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) और देश भर के राज्य स्तरीय डीएनटी संघों के सदस्य भी बैठक में मौजूद थे।

# अमेजन से आए 2 मैसेज और खाते से कट गए 84993 रुपए

**सिरसा, जनवरी:** साइबर थाना पुलिस ने पुनीत सोनी पुत्र ओमप्रकाश सोनी निवासी यूनिवर्सिटी कैम्पस सीडीएलयू की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पुनीत ने बताया कि उसे 01 नवंबर 2024 को अमेजन कंपनी की ओर से दो ओटीपी आए। उसने यह सोचकर नजरअंदाज कर दिए कि जब तक वह किसी को ओटीपी बताएगा ही नहीं तो पैसे कटेंगे कैसे? लेकिन जब उसने अपना एसबीआई का क्रेडिट का बैलेंस चेक किया तो उसमें एक ट्रांजेक्शन 70997 रुपए और दूसरी 13996 रुपए की दर्शाई हुई थी।

इस बारे में उसने अमेजन कंपनी को शिकायत की और बताया कि उसकी ओर से कोई आर्डर नहीं किया गया। उसने नवंबर महीने का क्रेडिट कार्ड की स्टेटमेंट देखी तो उसमें उक्त राशि टेम्परेरी डेबिट दर्शा रखी थी। लेकिन दिसंबर महीने में उक्त राशि उसके खाते में डेबिट दर्शा दी। उसने इस बारे में एसबीआई से संपर्क किया तो बताया गया कि ये ट्रांजेक्शन सिक्योरड मैनर के तहत मोबाइल पर भेजे गए ओटीपी से संचालित की गई है। इसलिए उक्त राशि उसे अदा करनी होगी। इसके बाद उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# महिला के कान के बाले निकालने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत जनवरी :** जिले के थाना एच एस आई आई डी सी बड़ी की पुलिस टीम नें महिला के कान के बाले निकालने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनोज उर्फ बिट्टू पुत्र चंद्रभान निवासी पट्टी कलियाणा जिला पानीपत का रहने वाला है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि दिनांक 20 जून 2024 को सोनीपत निवासी एक महिला नें थाना एच एस आई आई डी सी बड़ी में शिकायत दी थी कि मै अपने खेत से वापिस अपने घर आ रही थी। जब मै समय करीब 6.30 ढट पर गैस ऐजंसी के पास पहुँची तो मेरे पीछे से एक कार काली मेरे पास आकर रूकी जिसमे दो आदमी बैठे हुए थे जो उस कार से एक आदमी भगवा रंग के कपडे पहने था। मेरे पास आया और रास्ता पूछने लगा और दूसरा आदमी गाडी मे बैठा रहा। उस आदमी ने बातो ही बातो मुझे धोखा देकर कर मेरे कान के सोने के बाले निकाल लिए। फिर वह दोनो गाडी मे बैठकर भाग गए। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना एच एस आई आई डी सी बड़ी में मामला दर्ज किया गया था।

# मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट का शुभारंभ किया

## 7 फूड वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विकसित ई-कॉमर्स वेबसाइट himira.co.in का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से प्रदेश के 44 हजार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,50,000 से अधिक ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इस वेबसाइट से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को वैश्विक मंच उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीण कारीगरों और उद्यमियों के उत्पादों को विस्तार मिलेगा और ऑनलाइन बिक्री के माध्यम से उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आय सृजन के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सात फूड वैन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश सरकार की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने मिशन के अन्तर्गत आर्थिक रूप से स्वावलंबी महिलाओं की सफलता की प्रेरक कहानियां की एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम-ईरा महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल है और आने वाले समय में इसे और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने सभी स्वयं सहायता समूहों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने को कहा ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रियों और अन्य गणमान्यों को भी हिम-ईरा से बने उत्पाद उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हिम-ईरा के उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनकी बिक्री के लिए प्रदेश सरकार, सरकारी भवनों में इन उत्पादों के लिए एक समर्पित दुकान उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य की संस्कृति के अनुरूप नीतियां निर्धारित कर रही है। प्रदेश सरकार के पहले ही बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पुलिस कॉस्टेबल के पदों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत पद आरक्षित किए हैं और लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने की दिशा में निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वनों में पौध रोपण जैसे कार्यों में महिलाओं और युवा समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है जिसके तहत उन्हें सहायता प्रदान की जाएगी। पूर्व भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों के दृष्टिगत पूर्व भाजपा सरकार ने अन्तिम छः माह में बिना बजट प्रावधान योजनाएं शुरू कीं जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछली भाजपा सरकार ने केवल चुनावी लाभ के लिए सुविधा संपन्न लोगों को 5000 करोड़ रुपये की रेवड़ियां बांटी। वर्तमान प्रदेश सरकार गरीब लोगों को 300 यूनिट निःशुल्क बिजली और गृह निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने सुविधा संपन्न लोगों से स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए स्वयं बिजली की सब्सिडी का परित्याग किया है। उन्होंने बिजली।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन की बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को उनके 90वें जन्मदिन पर रविवार को बधाई दी और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा के यशस्वी नेता आदरणीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई। वे पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी विद्वता, दीर्घकालिक अनुभव एवं राष्ट्रवादी विचार देश के लिए बेहद मूल्यवान हैं। मैं उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। जोशी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रहे चुके हैं। वर्तमान में वह भाजपा के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं।

# हिसार में नैशनल हाईवे पर ट्रक ने लोगों को कुचला, 2 की मौत

- दुर्घटना में अनेक हुए घायल, हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर ट्रक के नीचे दबी कार





क्षतिग्रस्त ट्रक व क्रेन से उठाते हुए दुर्घटनाग्रस्त कार।

हिसार, जनवरी : हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर शनिवार की सुबह धुंध के कारण एक बड़ी दुर्घटना हो गई। जिसमें एक ट्रक ने सड़क पर खड़े लोगों को कुचल डाला। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हिसार के उकलाना स्थित सुरेवाला चौक पर हुई इस दुर्घटना में अत्याधिक धुंध में एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसी कार में पीछे से आई एक अन्य गाड़ी भी टकरा गई। गाड़िया टकराने से वहां मौजूद लोग सड़क पर इकट्ठा हो गए। इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रक ने सड़क पर खड़े लोगों को कुचल डाला और ट्रक पलट गया, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई। दोनों शव बरवाला के सरकारी अस्पताल में भेजे गए हैं। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। जिनमें से 4 की हालत गंभीर है। हादसा शनिवार सुबह करीब 8 बजे उकलाना के सूरेवाला चौक पर हुआ। मृतकों में कुरुक्षेत्र के थानेसर के अनूप गर्ग (45) और जींद के गांव जाजनवाला के सुरेश (35) शामिल हैं। अनूप गाड़ी में तो सुरेश हादसा देख वहां पर रूका था। सुरेश गांव जाजनवाला से उकलाना जा रहा था।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को बरवाला और हिसार के अस्पताल में भेजा गया। ट्रक के ड्राइवर को लोगों ने शीशा तोड़कर बाहर निकाला। इसके बाद सड़क से ट्रक को हटाया गया। साइकिलों के सामान से लदा ये ट्रक हिसार की तरफ जा रहा था। इस मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार का एक्सीडेंट होने के बाद उसमें से लोगों को निकाल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने लोगों को रौंद दिया। ट्रक स्पीड में था। उसने धुंध के बावजूद ड्राइविंग में लापरवाही बरती, जिस वजह से ये हादसा हुआ। सुबह सबसे पहले धुंध के कारण एक गाड़ी चौक पर लगी। इसी दौरान पीछे से आई इनोवा कार उसमें टकरा गई। इसके बाद पीछे से ही आया ट्रक लोगों पर चढ़ गया। मौके पर 30 से 40 लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सबसे पहले जो गाड़ी पलटी थी उसमें 2 और इनोवा कार में 5 लोग सवार थे। अनिल ने कहा कि यहां हादसे होते रहते हैं। हाईवे वालों की कमी है। यहां लाइट लगनी चाहिए। मौके पर मौजूद एएसआई विक्रम सिंह ने कहा कि सूरेवाला चौक पर एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे। घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है। धुंध के कारण ये हादसा हुआ है।

# दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को वापस भेजा गया

**दक्षिण-पश्चिमी।** दिल्ली के पालम इलाके में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी व्यक्ति की पहचान कर उसे वापस भेज दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद शाहिदुल इस्लाम तीन साल से पालम गांव में रह रहा था जिसे विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय की मदद से वापस भेज दिया गया। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम मंगलापुरी में संदिग्ध व्यक्ति के पास पहुंची। जब उससे कागजात मांगे गए तो वह कोई भी वैध भारतीय दस्तावेज नहीं दिखा सका। उसके पास केवल बांग्लादेशी दस्तावेज की फोटोकॉपी थी। पुलिस ने बताया कि भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने की बात कबूलने के बाद उसे वापस भेज दिया गया। शनिवार को दिल्ली पुलिस ने कहा था कि उसने 2024 तक वैध दस्तावेजों के बिना राष्ट्रीय राजधानी में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने वाले 132 विदेशी नागरिकों को निर्वासित किया है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि निर्वासित व्यक्ति नाइजीरिया, आइवरी कोस्ट, गिनी, उज्बेकिस्तान, घाना, युगांडा और सेनेगल के नागरिक थे।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में देरी



**दिल्ली।** हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण रविवार को 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी भी उड़ान को न तो रद्द किया गया है और न ही मार्ग बदला गया है। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से पिछले तीन दिन से उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर अब भी दृश्यता कम है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह 8:45 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। डीआईएएल राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करता है। विमानन कंपनी इंडिगो ने देर रात 12:59 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण दिल्ली, अमृतसर, चंडीगढ़, कोलकाता और लखनऊ से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

# दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के लिए यातायात परामर्श जारी किया



**दिल्ली।** पुलिस ने रविवार दोपहर एक बजे तक के लिए राष्ट्रीय राजधानी के पूर्वी हिस्सों के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। परामर्श के अनुसार वीवीआईपी दौरे के मद्देनजर पूर्वी दिल्ली की कुछ सड़कों पर भारी यातायात रहने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन करेंगे। वह सुबह 11 बजे कॉरिडोर का उद्घाटन कर सकते हैं और फिर साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर जाएंगे। सुचारू यातायात सुनिश्चित करने और असुविधा से बचने के लिए, राष्ट्रीय राजमार्ग 9, राष्ट्रीय राजमार्ग 24 , गाजीपुर रोड , न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन रोड , गाजीपुर नाला रोड , चिल्ला बॉर्डर से न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन और नोएडा लिंक रोड पर यातायात बंद रहेगा। पुलिस ने गाजीपुर रोड, न्यू आशोक नगर मेट्रो स्टेशन रोड और नोएडा लिंक रोड पर सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे के बीच यात्रा करने वालों को यात्रा में अधिक वक्त लगने के लिए तैयार रहने को कहा है।

# भारतीय वायुसेना ने गुवाहाटी वायु सेना केंद्र में उद्योग आउटरीच कार्यक्रम की योजना बनाई

नई दिल्ली जनवरी : भारतीय वायु सेना (आईएएफ) भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने और स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक उद्योग आउटरीच कार्यक्रम 25 (आईओई25) आयोजित करने जा रही है। यह कार्यक्रम दो दिनों के लिए तैयार किया गया है, जिसका पहला चरण 13 जनवरी को ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा और दूसरा चरण 15 जनवरी को गुवाहाटी वायु सेना केंद्र में आयोजित किया जाएगा। आईओई25 रक्षा उद्योग के भागीदारों, नवप्रवर्तकों और स्टार्ट-अप्स को भारतीय वायु सेना से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा, जो रक्षा में नवाचार की जरूरत और एक आत्मनिर्भर रक्षा परितंत्र के निर्माण की दिशा में भारत सरकार के प्रयासों और दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेगा। ऑनलाइन चरण के दौरान प्रमुख सत्रों में आईएएफ के एयरोस्पेस डिजाइन निदेशालय द्वारा ह्यआईएएफ की ओर से आत्मनिर्भरता पहल पर एक संक्षिप्त विवरणह्ल; रक्षा मंत्रालय के डीआईओ द्वारा ह्यआईडीईएक्स योजनाओं, नीतियों एवं प्रक्रियाओं पर एक संक्षिप्त विवरणह्ल; डीजीएक्यूए द्वारा ह्यगुणवत्ता आश्वासन एवं प्रमाणन प्रक्रियाओं पर प्रस्तुतिह्ल; सीईएमआईएलएसी द्वारा ह्यउड़न योग्यता प्रमाणन प्रक्रिया पर प्रस्तुतिह्ल और आईएएफ के एयरक्राफ्ट सिस्टम्स टेस्टिंग एस्टेब्लिशमेंट (एएसटीई) द्वारा ह्यएयरबोर्न और एविएशन से संबंधित प्रणालियों के लिए प्रमाणन आवश्यकताओं और परीक्षण प्रक्रियाओं का परिचयह्ल शामिल है। आईओई25 का दूसरा चरण 15 जनवरी 2025 को गुवाहाटी वायु सेना केंद्र में आयोजित किया जाएगा, जहां ऑप्रेटरों के साथ सीधे संपर्क से रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों को परिचालन जरूरतों को बेहतर तरीके से समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जहां वे अभिनव समाधानों के साथ योगदान दे सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में मौजूद अवसरों की पहचान करके रक्षा उद्योग की भागीदारी को मजबूत करना और भारत के आत्मनिर्भर बनने के रणनीतिक लक्ष्य को हासिल करने में मदद के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करना है।।

## समाचार

# भाकियू नेता के पुत्र के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव बालानांगल में भारतीय किसान यूनियन असली के मंडल महासचिव चौधरी परम सिंह के पुत्र राहुल देवल का बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसी को लेकर राष्ट्र सेवी संगठन की एक बैठक रविवार को क्षेत्र के गांव भदौरा में आयोजित की गई। जिसमें भाकियू नेता के बेटे के निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक एवं भदौरा सहकारी समिति के सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि ईश्वर इस दुख की घड़ी पीड़ित परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर संजीव बालियान, खिलेंद्र बालियान, कुंवरपाल सिंह, ऋषिपाल संह, चंद्रपाल सिंह, रूपचंद चौहान, खड़ग सिंह चौहान, रामचंद्र शर्मा रहे। उधर, हसनपुर में नगर पालिका के सामने समाजसेवी कुलदीप गुप्ता के प्रतिष्ठान पर भी शोक सभा का आयोजन किया गया। गोपाल गुप्ता, अमर सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह, डाक्टर वाहिद, मोहम्मद चांद, मोहम्मद शारिक आदि रहे।

# ऐप्जा संगठन की मासिक बैठक का आयोजन, लिए गए कई अहम फेसले


**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत पूरनपुर।** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) की मासिक बैठक का आयोजन। ऐप्जा संगठन की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमान रमेश दद्दा जी। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के जोगराजपुर में ऐप्जा संगठन की विशेष मीटिंग का आयोजन,जिसमें सेहरामऊ थाना क्षेत्र के सभी पत्रकार उपस्थित रहे। रमेश दद्दा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पत्रकारों का उत्पीडन नहीं सहेगा ऐप्जा संगठन। पूरे देश व प्रदेश में पत्रकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाला है ऐप्जा संगठन, ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) संगठन की उत्तर प्रदेश में 5000 से अधिक पत्रकारों ने ली सदस्यता। पीलीभीत जनपद के थाना सेहरामऊ क्षेत्र के जोगराजपुर में विशेष मीटिंग का आयोजन।

# निर्मल स्वीट्स पर घटतौली के मामले में बांट माप अधिकारी ने मारा छापा।

**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता-मंजीत शर्मा**



**बीसलपुर।** अधिवक्ताओं ने निर्मल स्वीट्स पर घटतौली किये जाने की शिकायत बांट माप अधिकारी से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बांट माप अधिकारी ने निर्मल स्वीट्ट के यहां पहुंच कर मिठाई तुलवाकर देखी जिसमें एक किलो पर लगभग 60 ग्राम कम पायी गयी। जिस पर कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी है। एडवोकेट मुकेश शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, अजय कश्यप व हिन्द रास्ट्र शक्ति संगठन के जिलाउपाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने बांट माप अधिकारी संजय कुमार सिंह से की। उन्होंने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्मल स्वीट पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक किलो मिठाई में लगभग 60 ग्राम की घटतौली पायी गयी। जिस पर बांट माप अधिकारी ने कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी है।

## अख्तर रिजवी साहब IPS जो अथर रिजवी साहब के छोटे भाई है, आज अख्तर रिजवी भाई IPS का प्रमोशन हुआ है वह DIG. बन गए है दिल्ली पुलिस मे !




**अमरोहा।** यह हमारे शहर के लिए बड़े फक की बात है, अथर रिजवी साहब और उनकी वालिदा साहिबा,, आदिल रिजवी, अफजाल रिजवी, दोनो छोटे भाईयो फाज़िल रिजवी और अजीम रिजवी, और ऐहले अमरोहा को इस पोस्टिंग की तहे दिल से मुबारकबाद,,, 2025 हम सब अमरोहियो के लिए यह पहली बहुत बड़ी और अच्छी खबर लेकर आया !! अख्तर रिजवी साहब का मकान मुहल्ला मुल्लाना अमरोहा

# समूह द्वारा महिला के नाम किया गया लोन, लेकिन नहीं दी रकम, महिला ने की खुदकुशी की कोशिश

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ सैद नंगली।** रविवार को क्षेत्र के गांव ईकौदा निवासी ईश्वर पुत्र होराम ने तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी एक महिला अपने अन्य साथियों को एक फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताती है तथा महिलाओं को रात में घर बुलाकर महिला तथा उसके साथी एजेंट समूह लोन देते हैं, ईश्वर चंद्र ने बताया कि कुछ समय पहले मेरी पत्नी सुनीता को बहला फुसलाकर उसको महिला समूह लोन में शामिल कर लिया तथा एक समूह लोन कर दिया जिसका पैसा भी नहीं दिया, तथा पैसा मांगने पर मेरी पत्नी को प्रताड़ित करते हैं और कहते हैं कि समूह का सारा पैसा तू देगी या तो समूह का सारा पैसा दे या तू मर जा जिसके बाद तेरा सारा पैसा माफ हो जाएगा, आरोपियों की बात से मेरी पत्नी ने आहत होकर जान देने का प्रयास किया जिसे मेरे बच्चों ने देख लिया तथा उसको बचा लिया, पत्नी से इसका कारण बुझा तो उसने मुझे रोते हुए सारी बात बताई, बात तो चलें कि पीड़ित द्वारा थाना सैद नंगली में आरोपियों के खिलाफ ताहिर दी गई है, इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अवधेश सिंह ढाबे पर सुरक्षित नहीं है बच्चिया शराबी ने ढाबे पर बैठी नव वर्षीय बच्ची को किया जबरन किश पिता के पूछने पर बुरे तरीके से पीटा

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**




**बस्ती ।** छावनी थाना क्षेत्र के अवधेश सिंह ढाबे पर भोजन करने के लिए रुके परिवार से एक शराबी व उसके साथियों ने मारपीट की शराबी ने परिवार की नव वर्षीय बच्ची को जबरन किश किया मां ने जब विरोध किया तो उसे गाली दिया मां और बेटी के सामने पिता को भी पीटा मामला पुलिस में जाने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना कृष्णानगर निवासी एक व्यक्ति ने थाना छावनी पुलिस को तहरीर देकर यह आरोप लगाया कि दो जनवरी को वो अपने परिवार के साथ लखनऊ से गोरखपुर जा रहा था रात को लगभग 10.30 बजे विक्रमजोत स्थित नेशनल हाईवे पर अवधेश सिंह फैमिली ढाबे पर भोजन करने रुके ढाबे के मुख्य हाल में अपनी पत्नी और बेटी के साथ भोजन के लिए गया भोजन के लिए आर्डर दिया इसी बीच एक व्यक्ति नशे में आया और मेरी बेटी के सामने गुलाब जामुन रखा उसे बाहों में लेकर किश किया और जब मेरी पत्नी ने विरोध किया बाहर आकर मुझे जानकारी दी जब मैंने उस व्यक्ति से पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया तो वह मुझे मारने पीटने लगा मेरे अकेले होने का फायदा उठाकर उसके अन्य साथियों ने उसे भगा दिया जबकि जिस ढाबे पर भोजन करने के लिए मेरा परिवार रुका वहां चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है आगे की कार्यवाही प्रचलित है।

# सिर फिरे युवक ने छात्रा का गला घोंटा, बोला किसी और कि नहीं होने दूंगा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा/ गजरौला।** गजरौला के एक गांव निवासी सिर फिरे आशिक ने मेडिकल की पढ़ाई करने वाली छात्रा का उसी के दुपट्टे से सड़क पर गिरा कर गला घोट कर जान से मारने का प्रयास किया, छात्रा की चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर दौड़े और लोगों ने छात्रा को बड़ी मुश्किल से आरोपी के चंगुल से छुड़ा लिया, ज्यादा देर तक गला दवा होने के कारण छात्रा बेहोश हो गई, इस दौरान युवक कहता हुआ सुनाई पड़ा की वह छात्र को 4 साल से प्यार करता है उसे किसी और का नहीं होने देगा, भीड़ ज्यादा बढ़ने पर आरोपी वहां से भाग निकला, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने छात्रा को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया तथा परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है, इस संबंध में सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती एक मेडिकल कॉलेज में जी एन एम की छात्रा है आरोपी भी उसी के गांव का रहने वाला है, बीते कुछ दिनों में उसने छात्रा को कई बार अन्य युवकों से बात करते हुए देखा था जिसके चलते वह छात्रा से नाराज था तथा शनिवार शाम छात्रा स्कूटी से अपने गांव से गजरौला आ रही थी तभी रास्ते में युवक ने उसे रोकते हुए बातें करते हुए जमीन पर गिरकर उसी के दुपट्टे से उसका गला घोट कर हत्या का प्रयास किया वहीं लोगों की भीड़ ने आरोपी के चंगुल से छात्र को छुड़ाया, उधर आरोपी छात्र ने अपना चेहरा मफलर से ढक रखा था, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर आरोपी युवक राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है पुलिस की तीन टीम आरोपी की तलाश में लगी हुई है तथा उसके घर भी दविश दी गई है लेकिन वह नहीं मिला, सर्विलांस की मदद से जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पाकिस्तान से आए शियों को हिन्दुस्तान की नागरिकता दी जाए: मौलाना सैफ अब्बास

**सैय्यद सिब्ते रज़ा लखनऊ**




**लखनऊ 5 जनवरी, 2025।** मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी की अध्यक्षता मे पाकिस्तान में शियाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आज छोटे इमामबाड़े में विरोध प्रर्शन हुवा। कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से हुई। कार्यक्रम का संचालन मौलाना आजिम हुसैन जैदी ने किया। मौलाना अफजाल हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान, जो खुद को इस्लामिक देश कहता है, वास्तव में आईएसआई के निर्देश पर वहां इस्लाम के खिलाफ काम हो रहा है और लगातार अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उनके इमाम बाड़े, गुरुद्वारे और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है हिंन्दुओ,शिया एवं सिखों को सरेआम मारा जा रहा है। मौलाना अफजल हैदर ने कहा कि जहां पाराचिनार में शियाओं पर हो रहे जुल्म का विरोध हो रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर जुल्म की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान सरकार से मांग की कि पाकिस्तान में आलिमों पर जुल्म करने वाली पुलिस को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मौलाना अजीम हुसैन अपने संबोधन मे कहा कि पाकिस्तान में न सिर्फ शियाओं पर जुल्म हो रहा है बल्कि हिंदू और सिख भाई भी आतंकवाद का शिकार हो रहे हैं, शिया कौम ने हमेशा जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई है और आज हमारा कर्तव्य है कि हम विरोध करें और अपने पाकिस्तानी भाइयों के प्रति अपनी सहानुभूति और मानवता दिखाएं। मौलाना मुहम्मद रजा एलिया ने कहा कि पाकिस्तान शिया विद्वानों और शिया संगठनों ने शांतिपूर्ण धरना किया तो पाकिस्तानी पुलिस ने निहथ्थे और और निर्दोष लोगों पर हमला किया, जिसमें शिया धर्मगुरू घायल हो गए और दो शिया युवा शहीद हो गए, पूरी दुनिया मानती है कि आतंकवाद संगठन खुलेआम शिया कौम पर अत्याचार कर रही है और सभी मुस्लिम देश विरोध नहीं कर रहे बल्कि दर्शक बने हुए हैं। शिया धर्मगुरू मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने अध्यक्षता भाषण देते हुए कहा कि पाकिस्तान के पराचनार मे लगातारं शियाओं को शहीद किया जा रहा है, कभी मस्जिदों में तो कभी बाड़ों में आतंकवादी हमले करके के शियों शहीद किया जा रहा है और पाकिस्तान में सरकार तमाशा देख रही है। और आतंकवादी संगठनों के सामने घुटने टेके हुए है। पाकिस्तान सरकार नाकाम हो रही है। और आतंकवादी संगठनों का बोल बाला है। आज पुरी दुनिया मे पाकिस्तान का पाखंडी रवैया उजागर हो गया है जब कि यहूदियों हाथ मारे जा रहा है मुस्लमानो कि हिफाजत न करके अपने मुल्क मे मोमेनीन का खून बहाया जा रहा है। इसके अलावा सहयोनी शक्तियों द्वारा इस्लाम और मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और पूरी दुनिया के मुस्लिम देश मूकदर्शक बने हुए हैं। मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने कहा कि पूरी दुनिया में शियों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि शिया समुदाय को पूरी दुनिया हमेशा एक शांतिपूर्ण कौम के रूप में जानती और पहचानती है। संयुक्त राष्ट्र अब एक असहाय और बेबस संस्था नजर आ रही है. हमारी मांग है कि आतंकवाद से नफरत करने वाले दुनिया के सभी देशों को पाकिस्तान से अपने राजदूतों को वापस बुलाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान आतंकवादियो के लिएं आतंकवादी गड़ बन गया है। हम अपने देश के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री से मांग करते हैं कि जिस तरह पाकिस्तान से आए ईसाई, हिंदू, सिख, जैन आदि को नागरिकता दी जा रही है, उसी तरह शियों को भी भारत की नागरिकता दी जाए। बैठक के बाद मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र को ज्ञापन भेजा। मौलाना अफजल हुसैन, मौलाना नफीस अख्तर, मौलाना मुहम्मद मशराकैन, मौलाना रहबर असकरी, मौलाना मिर्जा वाहिद हुसैन, मौलाना शफीक आबिदी, मौलाना आसिफ अली सेथली, मौलाना सोहेल अब्बास, मौलाना नासिर हुसैन, मौलाना नजर हुसैन, मौलाना इजाज हुसैन, डॉ. मौलाना अली सलमान, मौलाना सैयद तसौवुर हुसैन जाफरी, मौलाना वजीर जैनबी, मौलाना आगा मेहदी, मौलाना तफसीर हुसैन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने चौकी इंचार्ज सहित दो सिपाहियों को किया सस्पेंड

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा।** ड्यूटी में लापरवाही के चलते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने एक दरोगा व दों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया, बताते चले की जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए लापरवाह पुलिस कर्मियों पर पुलिस अधीक्षक लगातार एक्शन ले रहे हैं पिछले एक माह में करीब एक दर्जन से ज्यादा लापरवाह पुलिसकर्मियों को एसपी सस्पेंड कर चुके हैं वहीं अब फिर पुलिस अधीक्षक ने टीपी नगर चौकी इंचार्ज सहित दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया, उधर पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई इस कार्रवाई से पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है, बता ते चलें कि रविवार को पुलिस अधीक्षक ने टी पी नगर चौकी प्रभारी दरोगा करमजीत सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार और कांस्टेबल अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया, सस्पेंड हुए तीनों पुलिसकर्मी कोतवाली अमरोहा नगर से अटैच थे, पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में जरा भी लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी है, अब देखना यह है कि क्या पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतते हैं या फिर अपनी ड्यूटी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाते हैं।

# यूपी में 2027 में बनेगी समाजवादी की सरकार: कैसर परवेज

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ ढवारसी।** समाजवादी पार्टी विधानसभा इकाई द्वारा पीडीए चर्चा का कार्यक्रम हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ढबारसी के नेहरू इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। कार्यक्रम में एक जुटता पर जोर दिया। पीडीए चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए हसनपुर विधानसभा अध्यक्ष कैसर परवेज ने कहा कि देश एवं प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की बात न कर के सिर्फ जाति धर्म की राजनीति कर लोगों में नफरत फैलाने का काम कर रही है, उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को जीत कर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनाना है. समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अभी से सभी बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करना है. जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है. जनता लोकतंत्र और संविधान विरोधी भाजपा सरकार को हटाने के लिए तैयार बैठी है. उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबी हुई है.भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है. महंगाई चरम पर है. किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सभी परेशान है. समाजवादी पार्टी के पास डॉ. राममनोहर लोहिया, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की विचारधारा और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष की विरासत है। बैठक के अंत में पीडीए समाज को अधिकार तथा भागीदारी दिलाने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कैसर परवेज चौधरी,जिला महासचिव चन्द्र पाल सैनी, अकील अहमद, खान चन्द खडकवंशी, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह, अफलातून ,अंसार अब्दुल चौधरी, प्रधान ,जाकिर प्रधान, करतार सिंह ,बापू सिंह, राजकुमार सिंह, जय सिंह खड़कवंशी, चमन अहमद ,दिलशाद अहमद, जोगिंदर सिंह ,मनोज गुर्जर ,सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा ,आदि लोग उपस्थित थे।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन।

**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता-मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार आज दिनांक 05-01-2025 को 129 विधानसभा पूरनपुर की मासिक बैठक का आयोजन पूरनपुर के मधुवन कॉम्लेक्स (होटल) में किया गया आयोजन।बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में सपा के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव व सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह रहे?।बैठक की अध्यक्षता 129 विधानसभा पूरनपुर के अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं बैठक का संचालन सतीशचंद्र वर्मा ने किया।सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 2027 के चुनाव को लेकर बेहद गंभीर हैं,और कहा समाजवादी पार्टी की नीतियों को प्रत्येक विधानसभा में बूथ स्तर एवं सेक्टर स्तर तक पहचाने की अपील की।पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय भारती ने अपने संबोधन में कहा किसानों,छात्रों नौजवानों के उत्पीड़न को जन जन पहुंचाकर उनको न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे।129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने अपने संबोधन करते हुए कहा यदि विधानसभा कार्यकारिणी के पदाधिकारी निष्क्रियता दिखाएंगे तो उनको तत्काल पदमुक्त करके नए कार्यकर्ता को मौका देने का कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष ठाकुर मीता सिंह,सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार , वरिष्ठ सपा नेता आकिल खां अजी,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव ओमप्रकाश यादव,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष संजय खां,पूरनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नजमुल हसन खां,सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष तुफैल अहमद खां ,रजनीश यादव,सपा अल्पसंख्यक सभा विधानसभा अध्यक्ष पूरनपुर अशफाक अहमद ,सपा जिला सचिव तौफीक कादरी, रामनाथ वर्मा,दिनेश कुमार वर्मा, अखिलेश वर्मा, कृष्ण वर्मा,पिंटू वर्मा, फज्जन खां, अहीद खान,राजन पाण्डे,राकेश यादव, शहीद हसन,शबील अहमद, सदाकत अली,जयपाल सिंह, फाजिल खान, हरभजन सिंह, ताज मोहम्मद, हरिओम यादव, धर्मेंद्र लोधी, सद्दाम हुसैन, नसरुद्दीन पच्चू खान, संतोष कुशवाहा, रामगोपाल सक्सेना, रहीसुद्दीन, मो.रियाज इदरीशी, नाबिर अली मंसूरी, भगवानदीन वर्मा,अशफाक अहमद बरकाती, दिनेश यादव आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## डीएम ने सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

# संपूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा मौके पर 4 का हुआ निस्तारण

**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत।** जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर का संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 33 शिकायती प्रर्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 4 का निस्तारण किया गया अवशेष शिकायतों के संबंध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्त्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुंआईना अवश्य करें और शिकायतकर्त्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि सुनवाई की शिकायतों का निस्तारण कराये तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें जिस कि शिकायत ना की जा सके राजस्व संबंधी मामलों मे जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाए संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने गरीब पात्र जरूरतमंदों को ठंडक से बचाव हेतु कंबल वितरित किए तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उप जिलाधिकारी सदर पुलिस, क्षेत्रा अधिकारी, एलडीएम, अधिशासी अभिन्नता जल निगम, अधिशासी अभिन्नता लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपयुक्त उद्योग समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ,जिला पूर्ति अधिकारी, व तहसील सदर खंड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल्याण सिंह जी की कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता को हर किसी ने किया स्वीकार: सीएम योगी



**लखनऊ, 5 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह जी भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल 'पद्म विभूषण' कल्याण सिंह की जयंती पर 2, मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि की। सीएम ने कहा कि उनकी स्मृतियों की जीवंतता बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट और बुलंदशहर के मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी श्रद्धेय कल्याण सिंह जी के नाम पर रखा है।

**कल्याण सिंह ने कभी सिद्धांतों व मूल्यों से समझौता नहीं किया**

सीएम ने कहा कि सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। रामजन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं।

# जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा देश: सीएम योगी






**लखनऊ, 5 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित की। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष होने के कारण यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। सीएम ने विपरीत मौसम में भी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आए युवाओं का स्वागत किया।

**यूपी की विशेषताओं से कराया परिचित**

सीएम ने युवाओं को यूपी से परिचित कराते हुए बताया कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। यहां 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। 75 जनपद, 18 मंडल, 350 से अधिक तहसीलें, 825 से अधिक विकास खंड, 17 नगर निगम, 200 से अधिक नगर पालिका परिषद और 400 से अधिक नगर पंचायतें हैं। यह प्रकृति व परमात्मा की विशेष भूमि है। मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ होने जा रहा है। इसमें 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यूपी में काशी विश्वनाथ धाम, भगवान राम, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, लीला भूमि वृंदावन, मां विंध्यवासिनी धाम भी है। उत्तर प्रदेश वैदिक कालखंड से लेकर अब तक की सभ्यता-संस्कृति और देश की आजादी की अनेक घटनाओं की भूमि है।

**सीएम ने दिया मंत्र- कानून का पालन करें, कानून हमें संरक्षण देगा**

सीएम योगी ने कहा कि आपको उत्तर प्रदेश को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश विकास के मानक में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। यूपी ने खुद को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। विकास व सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था है। उग्रवाद, आतंकवाद, उपद्रव, दंगे-फसाद हैं तो विकास, रोजगार सृजन, सुशासन, निवेश नहीं हो सकता। सीएम ने बच्चों को मंत्र दिया कि हम कानून का पालन करें, कानून हमें संरक्षण देगा। संविधान कानून के प्रति श्रद्धा का यही भाव पैदा करता है। हम सभी संविधान शिल्पी के रूप में डॉ. आंबेडकर को स्मरण करते हैं।

# हरियाणा

## अगले 6 माह में हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने पर होगा विशेष फोकस : डा. अरविंद शर्मा

- बजट के लिए ऑनलाइन दे सकते हैं सुझाव : राजेश खुल्लर

चंडीगढ़ जनवरी : मुख्यमंत्री ने हरियाणा के स्टार्टअप उद्यमियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सहकारिता और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अगले 6 माह में पर्यटन विभाग द्वारा नई - नई योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए हरियाणा टूरिज्म को बढ़ावा दिया जायेगा और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएँ बढ़ाई जाएँगी। प्रदेश में टूरिस्ट इको कल्चर बनाया जायगा, जिससे देश विदेश के पर्यटकों को हरियाणा में पर्यटन स्थलों की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

बैठक में जानकारी देते मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जो वित्त मंत्री भी हैं, ने बजट के लिए एक नई पहल की है। हरियाणा के आगामी बजट के लिए इस बार प्रदेश के साथ-साथ अन्य नागरिक भी ऑनलाइन माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से हर व्यक्ति अपने सुझाव दे सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि हरियाणा का युवा रोजगार लेने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बने, इस विजन में स्टार्टअप्स बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले ऐसे मुख्यमंत्री, जिन्होंने स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की : उद्यमी

बैठक के दौरान स्टार्टअप उद्यमियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री ने इस प्रकार से स्टार्टअप उद्यमियों के साथ मुलाकात की है और उनके बारे में जानकारी हासिल की है, यह उनके लिए बड़ा सौभाग्य का क्षण है। उद्यमियों ने कहा कि हरियाणा में उद्योग स्थापित करने में सरकार द्वारा बहुत से प्रोत्साहन दिए जाते हैं। हरियाणा सरकार की ओर से स्टार्टअप नीति के तहत नए उद्योग लगाने के लिए वित्तीय प्रबंधन में भी सहायता मिलती है। उद्यमियों ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्टार्टअप इंडिया अभियान के बाद से हरियाणा में स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ी है और स्टार्टअप इंडिया के तहत फंड उपलब्ध होने से हर युवा का उद्यमी बनने का सपना साकार हुआ है। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरूण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में हरियाणा के स्टार्टअप उद्यमी मौजूद थे।

## बाइक चोरी के 2 मामलों में आरोपी गिरफ्तार

कलायत जनवरी : बाइक चोरी के दो मामलों में कलायत पुलिस ने पिंकू उर्फ कोको को गिरफ्तार कर लिया है। गांव दुब्बल निवासी शमशेर की शिकायत के अनुसार 2 अक्टूबर को कलायत से तथा कलायत निवासी गोपाल की शिकायत के अनुसार 20 अक्टूबर को उसकी बाइक गोगामेड़ी मंदिर कलायत के पास से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। इन बारे थाना कलायत में अलग अलग 2 मामले दर्ज थे। मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी पिकू इससे पूर्व जींद जेल में बंद था जिसकी उक्त मामलो में गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। आरोपी के कब्जे से दोनों चोरीशुदा बाइक पहले ही बरामद की जा चुकी हैं। कलायत पुलिस द्वारा असल मालिक के सुपुर्द की जा चुकी है। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## विधायक जगमोहन आनंद की चाय पर चर्चा में जुटे आमजन, शहर की बेहतरी के लिए जनता से मांगे सुझाव

### जनता का प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज विधानसभा में उठाउंगा: जगमोहन आनंद



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** के विधायक द्वारा प्रत्येक रविवार को शुरू किए गए चाय पर चर्चा कार्यक्रम में रविवार को शहर के नेहरू पैलेस में बड़ी संख्या में आमजन जुटे। विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर की बेहतरी के लिए जनता से सुझाव भी मांगे। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि वे जनता के सेवक हैं, उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज विधानसभा में उठाउंगा। चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से शहर की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को आमजन के बीच से सुझाव लेंगे और जो बेहतर सुझाव होगा, उस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहां आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा।

**जनता का प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज विधानसभा में उठाउंगा**

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाउंगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरुरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। निगम चुनाव में डबल से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाए जनता विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र में।

## वंचित बच्चों की मदद के लिए आगे आएं: विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण

### एमडीडी बाल भवन के 25 वें स्थापना वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण




**करनाल बीटू संधू**

**हरियाणा।** विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को जीवन मे पढ़ने और आगे बढ़ने का अधिकार है। समाज मे कुछ बच्चे किसी कारणवश अपने अधिकारों से वंचित रह जाते है। सरकारे अपने स्तर पर ऐसे बच्चों का सहयोग करती है, लेकिन समाज का भी दायित्व बनता है कि ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आएं। विधानसभा अध्यक्ष रविवार को स्थानीय फूसगढ़ रोड पर स्थित एमडीडी बाल भवन मे संस्थान के 25वें स्थापना वर्ष पर आयोजित सिल्वर जुबली कार्यक्रम मे बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की और एमडीडी बाल भवन की संचालक समिति व बच्चों को इस शुभ अवसर की शुभकामनायें दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। कुछ सामाजिक संस्थाए सच्चाई व सेवा के संकल्प के साथ विपरीत परिस्थितियों और संसाधनों के आभाव मे भी सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सेवा के ऐसे संकल्प को समाज का सहयोग भी अवश्य मिलता है। एमडीडी बाल भवन की पूरी टीम भी पिछले 25 वर्षों से इसी संकल्प के साथ बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी अंत्योदय की भावना के साथ समाज के वंचित वर्ग को ऊपर उठाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संस्था को सरकार की ओर से भरपूर सहयोग देने की भी बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के साधन सम्पन्न लोग इस प्रकार के सामाजिक कार्य करने वाले संस्थानों का सहयोग करने के लिए आगे आए ताकि समाज का वंचित वर।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत देंगे करीब 59 लाख के तीन प्रोजेक्ट की सौगात

### 44 करोड़ की लागत से बने इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का करेंगे उद्घाटन

**1.75 करोड़ की लागत से बने क्रिकेट ग्राउंड और 13 करोड़ की लागत से तैयार महिला आश्रम का करेंगे उद्घाटन**

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल सोमवार 6 जनवरी, 2025 को करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर को 59 लाख के तीन प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल करनाल के सेक्टर-32 में बनाए गए इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, सेक्टर-9 में क्रिकेट ग्राउंड और शक्ति कॉलोनी में बनाए गए महिला आश्रम का उद्घाटन करेंगे।



इस संबंध में जानकारी देते हुए स्मार्ट सिटी के सीईओ एवं डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल सोमवार को करनाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल सेक्टर-32 में इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन करेंगे। यह स्पोर्टस कॉम्पलेक्स 44 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है, जो 2 एकड़ में बनाया गया है। इस कॉम्पलेक्स में एक अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक स्तर का स्वीमिंग पूल बनाया गया है। जिसमें 10 लेन जोकि 50 मीटर ७ 25 मीटर है। पूल हीटिंग, फिल्टरेशन, लाईटिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

**इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में यह है खास**

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि इसके साथ-साथ इस इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में वार्म अप पूल बनाया गया है, जिसका साईज 25 मीटर. ७ 21 मीटर है। एक बैडमिंटन हॉल बनाया गया है। इसमें 5 कोर्ट हैं। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शॉवर रूम, प्रसाधन, गर्म पानी के लिए गीजर, लॉकर का भी अलग-अलग प्रावधान है। व्यायाम के लिए हॉल बनाया गया है। इसके साथ-साथ आफिस रूम बनाया गया है। 6 से 12 वर्ष के बच्चों की।

## पीएम-विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों के जीवन स्तर में होगा सुधार- उपायुक्त

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। इसलिए इस योजना में जिला के अधिकाधिक नागरिकों को लाभ दें ताकि सरकार का अन्त्योदय का लक्ष्य पूरा हो सके। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि योजना का गांव स्तर पर पूरा प्रचार करें और लाभार्थी को मौके पर ही लाभ देने की कोशिश करे ताकि अधिकाधिक लोग इसका फायदा उठा कर अपने जीवन स्तर को उंचा उठा सके। उन्होंने बताया कि इस योजना में नाव बनाना, शस्त्रागार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडने के जाल बनाने का काम शामिल है। योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना में कारीगरों को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच या यूएलबी के संबंधित कर्मचारी को लोगिंन आईडी बनाने में कोई परेशानी आए तो वे विभाग से संपंर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के लागू होने से श्रमिकों के बच्चों को मिलने वाली सहायता में भी वृद्।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तहत जिले में 19 जनवरी को करवाए जाएंगे चुनाव संपन्न : जिला उपायुक्त

अंबाला शहर जनवरी : अंबाला जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अंबाला शहर-6 के अंतर्गत हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तहत जिले में 19 जनवरी को प्रातः: 8 से सायं 5 बजे तक चुनाव होंगे। चुनाव के दृष्टिगत पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिनका विवरण तैयार किया जा चुका है।

वार्ड नंबर 6 के तहत बूथ नंबर 1 से 20 तक 5 विधानसभा अंबाला शहर के सिक्ख मतदाता जीआरएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल घेल रोड अंबाला शहर में, बूथ नंबर 21 से 27 तक के मतदाता राजकीय मिडल स्कूल सिंगावाला, बूथ नंबर 28 से 48 के मतदाता राजकीय प्राईमरी स्कूल सैक्टर 9 अंबाला शहर में, बूथ नम्बर 49 से 69 के मतदाता गैस्ट हाउस मिल्क प्लांट अम्बाला शहर में, बूथ नम्बर 70 से 83 के मतदाता राजकीय सीनियर सैकेडरी स्कूल बलदेवनगर अम्बाला शहर में, बूथ नम्बर 84 से 106 के मतदाता आईटीआई अम्बाला शहर में, बूथ नम्बर 107 से 123 तक के मतदाता खालसा हाई स्कूल कोर्ट रोड अम्बाला शहर में, बूथ नम्बर 124 से 163 के मतदाता नगर निगम कार्यालय अम्बाला शहर में, बूथ नम्बर 164 से 175 के मतदाता श्री हरगोबिंद साहिब हाई स्कूल मंजी साहिब में, बूथ नम्बर 176 से 192 के मतदाता राजकीय हाई स्कूल सौडा में, बूथ नम्बर 193 से 200 के मतदाता राजकीय सीनियर सैकेडरी स्कूल जलबेडा में, बूथ नम्बर 201 से 205 तक के मतदाता राजकीय सीनियर सैकेडरी स्कूल बलाना, बूथ नम्बर 206 से 211 के मतदाता राजकीय प्राईमरी स्कूल भानोखेडी में, बूथ नम्बर 212, 213, 217, 228 के मतदाता राजकीय मिडल स्कूल लखनौर साहिब में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार बूथ नंबर 162 से 165 मुलाना विधानसभा के मतदाता राजकीय मिडिल स्कूल मोहडी में, बूथ नंबर 166 से 177 के मतदाता राजकीय मिडल स्कूल बडौला में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं।

उपायुक्त ने यह भी बताया कि 10 जनवरी 2025 तक नए वोट बनाए जायेगे। यदि वोटों की संख्या बढ़ जाती है तो बूथों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है।

*इसी प्रकार बराड़ा-4 के अंतर्गत इन स्थानों पर होंगे चुनाव संपन्न*

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि 04-बराड़ा के तहत हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तहत जिले में 19 जनवरी को प्रातः: 8 बजे से सायं 5 बजे तक चुनाव होंगे। चुनाव के दृष्टिगत पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिनका विवरण इस प्रकार से है। वाड नम्बर 4 बराड़ा के तहत बराड़ा के सिख मतदाता राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा नॉर्थ व इसी स्कूल के साउथ में बने बूथ पर प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार राजौली, सरकपुर, मौजगढ़, सज्जन माजरा, दादुपुर, चहल माजरा, तंदवाल, तंदवाली, घेलड़ी, हेमामाजरा व सोहाना के सिक्ख मतदाता राजकीय हाई स्कूल रजौली में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार धीन, सिरसगढ, डुलियानी, रूकडी, अलीपुर, जहांगीरपुर, होली व बुढियों के सिख मतदाता राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल धीन में बने बूथ पर अपना मत डाल सकते हैं।

### इसी प्रकार नारायणगढ़-3 के अंतर्गत संपन्न करवाए जाएंगे चुनाव

**उपायुक्त पार्थ गुप्ता** ने बताया कि 03-नारायणगढ़ के तहत हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तहत जिले में 19 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक चुनाव होंगे। चुनाव के दृष्टिगत पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिनका विवरण इस प्रकार से है। वाडज नम्बर 3 नारायणगढ़ के तहत गांव फतेहपुर-80, खानपुर राजपुताना, कोहडा भूरा, रतौर, छोटी कोहडी, नगौली, लाहा, धनौरा, बतौरा, काठेमाजरा, जंगुमाजरा, चेची माजरा, मियांपुर, टोका, हुसैनी, रामपुर, धुधली, अकबरपुर, सैनमाजरा, नारायणगढ, अहमदपुर, रायपुर विरान व नबीपुर के सिक्ख मतदाता बीडीपीओ कार्यालय नारायणगढ़ में स्थित बूथ पर अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार डेरा, संग्राणी, कुलरपुर, बरौली, हमीदपुर, बडी रसौर, लौटां, ब्राहमणमाजरा व बडागढ के सिक्ख मतदाता राजकीय प्राथमिक स्कूल लौटों में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार तसडौली, छज्जू माजरा, भडौग, पटवी, डेहर, धनाना, मकनपुर, बेरपुरा, बहलौली व नसडौली के सिख मतदाता जीएमएस बहलौली में तथा गांव घडौली, गणेशुपर, कोडवा कलां, रछेडी व नगला नानकू के सिख मतदाता जीपीएस कोडवा कलां में सिख मतदाता 19 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बज तक बनाए गए बूथों में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं।

## अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**करनाल बीटू संधू**



**करनाल।** थाना सदर करनाल में कल दिनांक 04 जनवरी 2025 को गांव नरुखेड़ी के एक युवक की अपहरण की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस व सीआईए की टीमों ने जांच आरम्भ की। देर रात सीआईए की टीम ने तीन आरोपियों जिला सोनीपत के सुरेंद्र व अक्षय व जिला हिसार के रहने वाली नरेंद्र को गोहाना के क्षेत्र से गिरफ्तार किया है जिनसे दो अवैध हथियार व तीन कारतूस बरामद किए है। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त कार भी कब्जे में ली गई है। आरोपियों ने पीड़ित के पिता को कॉल करके पैसे देने की भी मांग की थी। पीड़ित के पिता के बयान पर धारा 140 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत थाना सदर करनाल में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया है व तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। आज पीड़ित के भी माननीय न्यायालय में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 183 के तहत बयान दर्ज कराए गए है। मामले की प्रभावी व वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच जारी है।

## संकाय विकास कार्यशाला के तीसरे दिन एसोबिक्स और जुम्बा पर कार्यशाला



कार्यशाला के दौरान बच्चो को एरोबिक्स करवाते फिटनेस विशेषज्ञ प्रियंका।

अम्बाला छावनी जनवरी : आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंश सैल के अंतर्गत तनाव प्रबंध विषय पर आयोजित की जा रही सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के तीसरे दिन एसोबिक्स और जुम्बा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फिटनेस विशेषज्ञ प्रियंका, एरोबिक्स और जुम्बा विशेषज्ञ को पौधा भेंट कर उनका स्वागत द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने अपने संदेश में कहा कि फिटनेस शरीर की मजबूती तक ही सीमित नहीं है, यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य और उत्पादकता को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। जुम्बा और एरोबिक्स न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं बल्कि तनाव को कम करके आत्मविश्वास बढ़ाने और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुमन और डॉ. अमनीत की देखरेख में हुआ। इस कार्यशाला में आई.क्यू.ए.सी. सैल के सदस्य और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भागीदारी की।

## साहिब-ए-कमाल धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर अंबाला छावनी में सजाया महान नगर कीर्तन

### हरियाणा कमेटी ने पिछले कार्यकाल में किए हैं कई उल्लेखनीय कार्य : सहगल

अम्बाला छावनी, जनवरी : साहिब-ए-कमाल, सरबंसदानी और दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर अंबाला छावनी में महान नगर कीर्तन सजाया गया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा बीसी बाजार से आरंभ हुआ। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा बीसी बाजार प्रबंधक कमेटी के प्रधान ब्रह्मजीत सिंह खालसा और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा हरगो लाल रोड प्रबंधक कमेटी के प्रधान सर्वजीत सिंह जौहर की देखरेख में सजाया गया। आरंभता से पूर्व गुरु साहिब के चरणों में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के वरिष्ठ उपप्रधान सुदर्शन सिंह सहगल, पूर्व मैंबर बीएस



अंछावनी में सजाए गए महान नगर कीर्तन में पंज प्यारों का स्वागत करते वरिष्ठ उपप्रधान सुदर्शन सिंह सहगल व अन्य।

बिंद्रा समेत संगत ने अरदास की। अरदास के उपरांत जब नगर कीर्तन आरंभ हुआ, तो श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की सुंदर पालकी साहिब पर नतमस्तक होने के लिए संगत की भीड़ उमड़ पड़ी।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया एवं पंज प्यारों की अगुवाई में सजाया गया यह नगर कीर्तन छावनी के प्रमुख बजारों व अन्य स्थानों से होते हुए देरसायं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा हरगो लाल रोड में संपन्न हुआ। इस दौरान नगर कीर्तन में शामिल संगत की सेवा करने के लिए अलग-अलग जगहों पर विभिन्न प्रकार के पकवानों के स्टाल भी लगाए गए। नगर कीर्तन का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

संगत ने पंज प्यारों व नगर कीर्तन के साथ-साथ चल रहे वरिष्ठ उपप्रधान सुदर्शन सिंह सहगल को सिरोपा पहना कर उनका सममान भी किया। इस दौरान ब्रह्मजीत सिंह खालसा, हरप्रीत सिंह बबर, नवनीत सिंह बबर, गुरप्रीत सिंह भल्ला, सुरिंदर सिंह, जतिंदर सिंह, सर्वजीत सिंह जौहर, अमरजीत सिंह मोखी, एसएस धामी, बलबीर सिंह ओबराय, जसंवत सिंह भाटिया व सुरजीत सिंह सेठी समेत भारी गिनती में संगत मौजूद रही।

### सहगल ने हरियाणा कमेटी की उपलबधियों की दी जानकारी

**वरिष्ठ उपप्रधान** सुदर्शन सिंह सहगल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्हें हरियाणा कमेटी की उपलबधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल के नेतृत्व में संस्था ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं, इनमें कच्चे कर्मचारियों को पकका करना, देसी घी, सुखा दूध समेत अन्य कई वस्तुओं के टैंडर किफायती रेट पर करवा कर गुरु घर को करोड़ों रुपए का फायदा देना शामिल है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा जहां अंबाला जिला के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही ऑठवीं, गुरुद्वारा मरदो साहिब पातशाही दसवीं, गुरुद्वारा लखनौर साहिब पातशाही दसवीं और गुरुद्वारा गेंदसर साहिब भानोखेड़ी में दीवान सजाए जा रहे हैं, वहीं कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, जींद सहित अन्य जिलों में भी कीर्तन दरबार सजाया जा रहा है।

# 21 सदस्यों का कमिटी गठन हुआ बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के चुनाव में।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** ऐक्टू से संबद्ध बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी यूनियन का शाखा बेतिया नगर निगम सफाई कर्मचारी कामगार युनियन बेतिया का नगर सम्मेलन नगर निगम के सम्राट अशोक भवन में राज्य महासचिव कॉमरेड चंद्रशेखर सिंह के देख रेख में संपन्न हुई। बेतिया नगर निगम कर्मचारियों के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष हरेन्द्र पटेल,सम्मानित अध्यक्ष गणपत राउत, उपाध्यक्ष शिबू राउत, सचिव असर्फी राउत,उप सचिव शिवजी कुमार,कोषाध्यक्ष अभय चंन्द्र कुमार,प्रवक्ता अनील कुमार एवं प्रवक्ता जयनारायण राउत,संगठन मंत्री प्रमोद राउत समेत 21 सदस्यों का कमिटी बनाई गई। दिवंगतों शहीदों को श्रद्धांजलि देने से शुरू हुई सम्मेलन की अध्यक्षता



गणपत राउत ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव ने कहा कर्मचारियों के हीत के लिए कर्मचारी महासंघ बचनबद्ध है। कर्मचारियों के साथ किसी भी तरह का अन्याय कामगार युनियन बर्दाश्त नहीं करेगा। कर्मचारियों की नौ सूत्री मांगों में नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण, ठेका, मानदेय समाप्त करने, वेतन वृद्धि करने समेत सप्तम वेतनमान को लागू करने के संघर्ष को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा एक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए सम्बद्ध यूनियनों की प्रत्येक एक हजार सदस्य संख्या पर एक प्रतिनिधि चुने जाएंगे तथा सभी राज्यस्तरीय यूनियन 31जनवरी तक, प्रत्येक एक हजार सदस्य के लिए एक प्रतिनिधि का चयन कर, चयनित प्रतिनिधियों के नाम, पता व मोबाइल नम्बर से ऐक्टू राज्य कार्यालय को अवगत कराने को कहा। बैठक को भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की नियमितीकरण और बेतिया नगर निगम से संबंधित समस्याओं को लेकर भाकपा माले हर संघर्ष में खड़ा रहेगी। एक्टू के जिला सचिव जवाहर प्रसाद ने कहा कि एक्टू ने हमेशा कर्मचारियों के संघर्ष को आगे बढ़ाने में सहयोग किया है। मोदी सरकार ने युनियनों को समाप्त करने का हर कोशिश किया है लेकिन अब हम इसे सड़कों की लड़ाई में बदल कर मजदूरों के जीत की गारंटी करेगें।

उक्त अवसर पर मिथिलेश कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# यह अस्तित्व की लड़ाई है - प्रहलाद कुमार

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बेतिया।** यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है और इसके लिए हमें तन- मन- धन लगाकर आगे आना चाहिए। यह हमारी आने वाली पिढीयो का भविष्य तय करेगो इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे एवं अपनी सहभागिता प्रदर्शित करें। यदि हम अपनी शक्ति को इसमें नहीं दिखाएंगे तो कोई हमें नहीं पूछेगो यदि हम मजबूत और संगठित रहेंगे तो कोई भी पार्टी हमें बुलाकर टिकट देगा। उक्त बातें स्थानीय बानुछपर स्थित नंदकिशोर चौधरी अखिल भारतीय धोबी महासंघ बिहार पश्चिमी चंपारण के जिला अध्यक्ष के आवास पर एक बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद कुमार ने अपने संबोधन में कही। श्री कुमार ने आगे कहा कि हम समाज के लिए काम करते हैं। यह कोई राजनीतिक संगठन नहीं है और हम लोग स्वयं अपना पैसा लगाकर समाज के लिए काम करते हैं। हम आपको आह्वान करते हैं कि दिनांक 9 फरवरी 20 25 को गांधी मैदान पटना पहुंचकर अपनी जोरदार उपस्थिति दिखाऐं वही प्रदेश महासचिव देवेंद्र रजक ने कहा कि आपका पहुंचाना हमारे समाज को शक्ति प्रदान करेगा।आप लोग अपनी -अपनी समर्थ के अनुसार सहयोग करते हुए आगामी 9 फरवरी 20 25 को गांधी मैदान पटना अवश्य ही पहुंचे। जबकि कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि हम लोग अपना पैसा लगाकर समाज के लिए काम करते हैं और यह धरती चंपारण काफी उर्वरक धरती है यहां धोबी समाज के लोग संपन्न हैं।आप अपनी एक जूटता प्रदर्शित करते हुए गांधी मैदान को भरने का काम करें और अपनी बातों को रखें। जबकि जिला अध्यक्ष नंदकिशोर चौधरी ने कहा कि हम लोगों को यह मौका बार-बार नहीं मिलेगा।मैं स्वयं ही बेतिया से काफी लोगों को लेकर चलूंगा और समाज के लिए जो भी बन सकेगा उसको पूरा किया जाएगा। मौके पर रामकिशोर बैठा ,राजेश बैठा सहित कई लोग उपस्थित रहे तथा अपनी बातों को रखा।

# ठंड को देखते हुए पश्चिम चंपारण एवं पूर्वी चंपारण जिले का नर्सरी से लेकर वर्ग आठ तक के सभी निजी व सरकारी स्कूल 11 जनवरी तक बंद हुआ

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया/मोतिहारी।** बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण जिले में कड़ाके की ठंड को देखते हुए डीएम सौरभ जोरवाल ने नर्सरी से लेकर वर्ग आठ तक के सभी निजी व सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों को किया बंद 6 जनवरी से 11 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। दूसरी तरफ प्राप्त सूचनानुसार 11 जनवरी तक पश्चिम चंपारण जिले के डीएम दिनेश कुमार राय ने सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों वर्ग आठवीं तक पठन-पाठन स्थगित रहेगा का आदेश जारी किया है। इस दोनों जिले के डीएम के आदेश से बच्चों को राहत मिली है जबकि टीचरों को कोई राहत नहीं दिया गया है। आठ क्लाश से ऊपर 9.30 बजे सुबह से स्कूल चलेगा।

# एंटी करप्शन मामले को लेकर लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ कोंच

एंटी करप्शन मामलों को लेकर लेखपाल संघ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।उप्र लेखपाल संघ तहसील इकाई कोंच ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को देकर बताया कि एंटी करप्शन विभाग द्वारा बगैर तथ्यों और आधार के ही मनगढ़ंत कहानी रच कर लेखपालों को परेशान करने की अलग अलग स्थानों पर लगातार घटनाएं देखने सुनने




को मिल रहीं हैं। इन घटनाओं से लेखपालों में भय का माहौल है और ईमानदारी से कार्य भी नहीं कर पा रहे है। संघ के तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार और मंत्री आकाश ने एसडीएम से मांग की है कि एंटी करप्शन विभाग को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये जायें ताकि लेखपालों का उत्पीड़न रोका जा सके।

# लगभग तीन दशक से बंद पड़े स्लॉटर की पुताई का मामला

## आखिर किसके आदेश पर किसने की पुताई

■ कोंच

पिछले तीन दशक से बंद पड़े स्लॉटर हाउस की रंगाई पुताई का मामला सुर्खियों में आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम ने एक जांच टीम बना दी है जो इस मामले की गहराई से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। शनिवार को पुलिस और पालिका के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर के बाहर 132 केबी बिजली घर से कुछ दूर बाहरी क्षेत्र में स्थित नगरपालिका के स्लॉटर हाउस पर किसी ने रातोंरात रंगाई पुताई करा कर वाल राइटिंग भी करा डाली और पालिका को पता भी नहीं चला। जब यह खबर अखबारों की हेडलाइन बनी तो पालिका की सिट्टी पिट्टी गुम हो गयी। प्रशासन में बैठे अधिकारियों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेकर सख्त रुख अपना लिया। एसडीएम ज्योति सिंह ने मामले की जांच के लिए जांच टीम का गठन किया है जो गहराई से इस पूरे प्रकरण की जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट देगी। इसी कड़ी में शनिवार की दोपहर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार एवं नगर पालिका ईओ पवन किशोर मौर्य व आरआई सुनील कुमार स्लॉटर हाउस पहुंचे और शुरुआती जांच पड़ताल की। अधिकारियों ने देखा कि पूरे स्लॉटर हाउस की अच्छे से साफ-सफाई कराई गई है और पीले रंग से उस इमारत की दीवारों पर पुताई करा कर बाकायदा वॉल



राइटिंग भी कराई गई है। इसके अलावा एक कक्ष के दरवाजे पर डॉक्टर रूम भी लिखा गया है। शटर और डॉक्टर रूम में नए ताले भी पड़े हैं जिन्हें लेकर ईओ ने बताया कि ताले पालिका के नहीं हैं। उन्होंने कहा, इस शरारत को लेकर वह पुलिस में तहरीर देगे। वही प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि अगर तहरीर मिलती है तो फील्ड यूनिट को बुला कर फिंगर प्रिंट उठवाए जाएंगे और पता लगाया जाएगा कि ये किसकी करतूत है। एसडीएम ज्योति सिंह का कहना है कि उन्होंने जांच टीम का गठन कर दिया है जो अपना काम कर रही है। वही सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग द्वारा रूपए न देने पर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने पर पिता ने की शिकायत

**कोंच।** नाबालिग किशोरी द्वारा रुपये न देने पर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने के मामले में किशोरी के पिता ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।जानकारी के अनुसार नदीगाँव थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार पचौरी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अहमदाबाद में रहकर पानीपूरी का धंधा करता है। अप्रैल 2024 में वह एक शादी में यहां घर आया हुआ था तभी पड़ोस की एक महिला ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को अपने घर पर बुलाकर एक युवक से बेटी की मुलाकात करायी। इसके बाद से वीडियो कॉल कर उक्त युवक बेटी की अश्लील फोटो का स्क्रीनशॉट लेता रहा। युवक ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर बेटी से 50 हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर युवक ने बेटी की अश्लील फोटो वायरल कर दी। मामले को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।वही क्षेत्राधिकारी देवेंद्र पचौरी का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### कूटरचित फर्जी दस्तावेज करने पर पुलिस ने दो लोगो को किया गिरफ्तार

**कोंच।** पुलिस ने कूटरचित फ़र्जी दस्तावेज तैयार करने पर 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि बीते 31अगस्त को राजीव कुमार दीक्षित पुत्र जगत नारायण निवासी ग्राम जरा थाना नदीगाँव ने एक मामले में रामकृपाल पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम जरा सहित कुल 8 लोगों के खिलाफ कोतवाली में धारा 336(2), 338, 340(2), 351(1), 61(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की पुलिस विवेचना में यह पाया गया कि कूटरचित फ़र्जी दस्तावेज तैयार किए गए है फर्जी दस्तावेज तैयार करने में राजीव सहित रामकृपाल को दोषी पाया गया। पुलिस ने शनिवार को उक्त दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### ईओ ने पुलिस को दी तहरीर

**कोंच।** स्लॉटर हाउस रंगाई पुताई मामले में ईओ नगर पालिका पवन किशोर मौर्या ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शरारती तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। तहरीर में कहा गया, राजस्व ग्राम कोंच बदनपुरा में गाटा संख्या 816 क्षेत्रफल 0.5260 पशुवध शाला के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। करीब 25 वर्ष पूर्व यह स्लॉटर हाउस संचालित था लेकिन फिर इसे बंद कर दिया गया। उन्हें सूचना मिली है कि किसी ने इस पुराने क्षतिग्रस्त भवन पर रंगाई पुताई एवं लिखाई कराई है। बोर्ड प्रस्ताव के मुताबिक स्लॉटर हाउस की उक्त जमीन नगर विकास विभाग द्वारा संचालित उपवन योजना के तहत चिन्हित करते हुए शासन को डीपीआर भेजा गया है। जिसने भी रंगाई पुताई का अवैधानिक कार्य किया है उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

### अपर पुलिस महानिदेशक, निर्माणाधीन आवासीय परिसर का किया स्थलीय निरीक्षण

**उरई।** शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार के साथ पुलिस लाइन उरई में निर्माणाधीन आवासीय परिसर/ट्राँजिट हास्टल का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# हरी मटर की आबक अधिक होने से नगर में जाम की स्थिति

## एसडीएम ने बैठक कर रोड डायवर्जन के दिए निर्देश

■ कोंच

एसडीएम कार्यालय में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, एसडीओ विद्युत अनिरुद्ध कुमार मौर्य, ईओ नगर पालिका पवन किशोर मौर्य, मंडी निरीक्षक राहुल कुमार के साथ बैठक कर जैम से निजात कैसे मिले इसके लिए रणनीति बनाई। एसडीएम ने बताया कि पहाड़गाँव और पिंडारी सड़क मार्ग से हरी मटर लोड कर आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली लाला हरदौल मंदिर से दोहर होते हुए कैलिया बाईपास से मंडी पहुंचेंगे जबकि उरई, एट के रास्ते आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली मारकंडेश्वर तिराहे से मंडी पहुंचेंगे। नदीगाँव,




तीतरा, जालौन के रास्ते आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली पंचानन चौराहे से होकर सीधे मंडी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि नगर में बस्ती के अंदर जैम की स्थिति बनने से रोकने के लिए हरी मटर से लोड ट्रैक्टर ट्रॉली के आने जाने पर पूर्णतया रोक रहेगी और प्रमुख स्थानों पर बैरिकेड्स लगाकर चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगायी जाएगी। वहीं गल्ला मंडी में जुटने वाली किसानों की भीड़ को देखते हुए एसडीएम ने पीने के पानी की व्यवस्था किए जाने सहित रैन बसेरा, लाइट, साफ़ सफ़ाई, शौचालय,अलाव आदि की व्यवस्था चाक-चौबंद रखे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दिए।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक



**उरई।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

# तहसील सभागार में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**कोंच।** उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं क्षेत्राधिकारी की उपस्थित में तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में 18 शिकायतें दर्ज की गयीं।लेकिन मौके पर 5 शिकायतें ही निस्तारित हो सकी।एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता और सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में आयोजित समाधान दिवस में अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जन भर से अधिक लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मौजा बदनपुरा में स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर बाउंड्रीवाल तोड़कर अवैध रूप से क़ब्ज़ा किया जा रहा है जिसे रोका जाये।वही कैलिया वुजुर्ग निवासी किसान अनूप गुर्जर ने एक दर्जन किसाने के साथ समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि मौजे मे एक आवारा सांड काफी समय से घूम रहा है तथा किसानो की फसले चौपट कर रहा है किसानो ने प्रार्थनापत्र में कहा कि उक्त सांड को पकडबाकर नन्दी साला भेजा जाए।पटेल नगर निवासी अखिलेश चचौदिया ने सडको पर वह रही सीवर की गंदगी की सफाई कराए जाने की मांग की है।वही दर्ज करायी गयीं शिकायतों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर निस्तारित किए जाने के लिए एसडीएम ने अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ कोंच सर्वेश कुमार रवि, बीडीओ नदीगांव मानूलाल यादव, एसडीओ विद्युत अनिरुद्ध मौर्य, आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार, कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफलेक्टर टेप लगवाये गये

■ उरई

राष्टीय स ड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आज कालपी मण्डी परिसर में कोहरे के दृष्टिगत टैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये। उक्त कार्यक्रम राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0), गुडसेमेरिटन पुरस्कार से पुरुस्कृत समाज सेवी अब्दुल अलीम खान (अलीम सर), कालपी मण्डी व्यापारी संघ के अध्यक्ष शिशु यादव, नीरज आदि उपस्थित रहे। मण्डी परिसर



में आये हुये ट्रैक्टर स्वामियों/किसानों को स ड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। अपरान्ह् में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण हेतु शिविर लगाकर लगभग 70 चालक व परिचालकों के स्वास्थ्य व नेत्र की जाँच की गयी। उक्त कार्यक्रम में सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0), संतोष कुमार पटेल, मोटर वाहन निरीक्षक, अखिलेश कुमार, मेडिकल ऑफिसर, ज्योति सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी, रुबी राजपूत, स्टाफ नर्स, जयन्त सिंह पाल, (लैव टेक्नीशियन), प्रवर्तन पटल प्रभारी सिपाही लाल (प्रधान सहायक) व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0) द्वारा उपस्थित सभी जनों को यातायात नियमों के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए हेलमेट, सीट-बेल्ट, का प्रयोग कर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी व उनसे अपील की गयी वह अपने संबंधियों को भी स ड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरुक करें।

अभियान



भारतीय नौसेना नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी फ़ॉकलैंड द्वीप समूह में पोर्ट स्टेनली के लिए अपने आगे के मार्ग (तीसरे चरण) के लिए न्यूज़ीलैंड के लिटलटन पोर्ट से रवाना हुआ। लगभग 5600 एनएम (लगभग 10,400 किमी) की दूरी के साथ यह अभियान का सबसे लंबा चरण है।


# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर रेलवे के जम्मु मंडल का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

## कटरा-रियासी रेल लिंक का 7 -8 जनवरी कोअंतिम सीआरएस निरीक्षण

**विनोद तकियावाला स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भकार**

भारतीय रेल प्रगति के पथ पर नित्य प्रति दिन ना केवल अग्रसर है,बल्कि नित्य नवीन एतिहास रहा है।जैसा कि आप को मालूम है कि विश्व से सबसे बड़े व सबसे सुरक्षित व सस्ती यातायात के लिए ख्याति प्राप्त है। यु तो भारतीय रेल का इतिहास काफी ही पुराना है।इस श्रंखला में भारतीय रेलवे के नार्दन रेलवे के जम्मु मंडल का शुभारम्भ किया जा रहा है।स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर रेलवे के जम्मु रेलवे डिबीजन का वर्चुअल उद्घाटन आज करेंगे। जम्मु मंडल का मुख्यालय जम्मु शहर में होगा जो भारत के सुदूर उत्तरी क्षेत्रों को जोड़ने में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करेगा । यह मंडल , जम्मु,कशमीर व लद्दाख , हिमाचल प्रदेश व पंजाब के कुछ हिस्सों की रेल परिवहन की जरूरतो को पुरा करेगा।आप को बता दे कि जम्मु मंडल का निर्माण फिरोजपुर मंडल को विभाजित कर बनाया गया है। जम्मु मंडल में 538 .38 रूट किलोमीटर ब्राडगेज लाईन होगी। भारतीय रेल विकसित भारत के संकल्प में अपना ससक्त भागीदारी निभायेगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ)हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार सीआरएस(उत्तरी सर्किल) द्वारा 15 जनवरी से पहले उधमपुर-श्रीनगर- बारामुल्ला नई बीजी रेल लिंक परियोजना के तहत 16.501 किलोमीटर लंबे कटरा-रियासी खंड का निरीक्षण करने की उम्मीद है।

उत्तर रेलवे के सूत्रों ने बताया कि जम्मू रेलवे डिवीजन के उद्घाटन के बाद सीआरएस 7 और 8 जनवरी को अंतिम



निरीक्षण करेंगे। इस मौके पर सीआरएस के साथ सीएओ/ यूएसबीआरएल, सीबीई, सीएसई, सीओएम-जी मुख्यालय से सीईजीई, डीआरएम /एफजेडआर और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

भारतीय रेलवे केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन और दो मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने की तैयारी में है। ये ट्रेनें श्री माता वैष्णो देवी कटरा (एसवीडीके)और श्रीनगर रेलवे स्टेशनों के बीच चलेंगी और इनका रखरखाव उत्तरी रेलवे जोन द्वारा किया जाएगा।उत्तरी रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार,वंदे भारत ट्रेन कटरा (एसवीडीके) से सुबह 8:10 बजे रवाना होगी और श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर सुबह 11:20 बजे पहुंचेगी। मेल/एक्सप्रेस ट्रेन 1 कटरा से सुबह 9:50 बजे रवाना होगी और श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1:10 बजे पहुंचेगी। मेल/एक्सप्रेस ट्रेन 2 कटरा से दोपहर 3:00 बजे रवाना होगी और श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर शाम 6:20 बजे पहुंचेगी। 17 किलोमीटर लंबे कटरा-रियासी सेक्शन का अंतिम चरण,जिसमें चुनौतीपूर्ण टी-33 सुरंग भी शामिल है, जिसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।सर्व विदित रहे कि रेलवे हुप्रतिक्षित परियोजना 2005-06 में शुरू की गई थी।इस महत्वपूर्ण परियोजना की कई चरण है । उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल परियोजना में कई खंड शामिल हैं । 118किलोमीटर लंबा काजीगुंड-बारामुल्ला सेक्शन (2009),18 किलोमीटर लंबा बनिहाल-काजीगुंड (2013) और 25 किलोमीटर लंबा उधमपुर-कटरा (2014)फरवरी में, 40किलोमीटर लंबे बनिहाल- सांगलदान ट्रैक पर एक सफल इलेक्ट्रिक ट्रेन ट्रायल रन आयोजित किया गया था,वर्तमान में इस सेक्शन पर सामान्य ट्रेन परिचालन चल रहा है।इस रेलवे लाइन में 38 सुरंगें हैं, जिनमें टी-49 सुरंग भी शामिल है,जो भारत की सबसे लंबी 12.75 किलोमीटर लंबी सुरंग है,तथा 927 पुल हैं, जिनमें चेनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज और रियासी में अंजी नदी पर बना भारत का एकमात्र केबल-स्टेड रेल ब्रिज भी शामिल है। भारत का पहला अंजी खड्ड पुल, 96 केबल रुका हुआ रेल पुल

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक टाइमलैप्स वीडियो साझा किया है। 653 मीटर की लंबाई में फैले कुल 96 केबलों के साथ, पुल जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में चुनौतीपूर्ण कार्य था।यह पुल कटरा और रियासी को जोड़ता है और हिमालय पर्वत ढलानों के जटिल और नाजुक इलाके को नेविगेट करने के लिए आईआईटी रुड़की और आईआईटी दिल्ली से विस्तृत भूवैज्ञानिक जांच की आवश्यकता थीकटरा छोर पर अंतरिक्ष प्रतिबंधों के कारण, मुख्य अवधि की नींव को स्थिर करने के लिए एक विशेष हाइब्रिड नींव विकसित की गई थी।

श्रीनगर छोर पर, अंजी खड्ड ब्रिज का काम पूरा हो गया है जिसमें 40 मीटर गहरी हाइब्रिड नींव के साथ मुख्य तोरण का निर्माण,केंद्रीय तटबंध और सहायक पुल शामिल थे।

परियोजना के निर्माण को सरल बनाने और विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करने के लिए, 725.5 मीटर के पुल को चार भागों में विभाजित किया गया था।रियासी की तरफ 120 मीटर लंबा सहायक पुल, कटरा छोर पर 38 मीटर लंबा संपर्क पुल।473.25 मीटर की लंबाई और 290 मीटर की केंद्रीय अवधि के साथ मुख्य केबल-स्टे पुल,और सहायक पुल और मुख्य पुल के बीच स्थित 94.25 मीटर लंबा केंद्रीय तटबंध,जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के कटरा-बनिहाल खंड पर सुरंग टी 2 और टी 3 को जोड़ता है।

>> अंजी खड्ड ब्रिज नदी के तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर खड़े एक एकल मुख्य तोरण द्वारा समर्थित है, जिसकी ऊंचाई नींव के शीर्ष से 193 मीटर है।

>> इसमें एक विषम डिजाइन है, जिसमें 15 मीटर की कुल डेक चौड़ाई है, और 82 मीटर से 295 मीटर तक की लंबाई के साथ 96 केबलों द्वारा समर्थित है।

>> मुख्य तोरण में 40 मीटर गहरे माइक्रोपाइल्स और 20 मीटर हाइब्रिड वेल फाउंडेशन का उपयोग किया गया था।

>> 213 किमी / घंटा तक की तेज हवाओं के साथ भारी तूफान का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया, अंजी खड्ड ब्रिज एक एकल रेलवे लाइन और 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस रोड को समायोजित कर सकता है, जिसमें डेक के प्रत्येक तरफ 1.5 मीटर चौड़ा फुटपाथ है।

>> श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और निर्माण समय की बचत करते हुए दक्षता बढ़ाने के लिए,डोका जंप-फॉर्म शटरिंग और पंप कंक्रीटिंग सिस्टम जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग किया गया है।

>> उपयोग के दौरान पुल के संरचनात्मक स्वास्थ्य की निगरानी के लिए, पुल पर विभिन्न स्थानों पर कई सेंसर लगाए गए हैं।

>> इतालवी कंपनी ITALFERR विस्तृत डिजाइन और निर्माण पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार थी, जबकि यूके कंपनी उडहक प्रूफ-चेकिंग के लिए जिम्मेदार थी, जो इंडी डिजाइन पर आधारित थी, जिसे फोटो द्वारा यूरोकोड्स द्वारा शुरू किया गया था।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की में भूकंप इंजीनियरिंग विभाग द्वारा साइट-विशिष्ट भूकंप पैरामीटर अध्ययन आयोजित किए गए थे, ताकि इस क्षेत्र के लिए भूकंपीय -टेक्टोनिक ढांचे को निर्धारित किया जा सके। लाइन को 100 किमी /घंटा की गति से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# बौखलाए केजरीवाल पत्रकार वार्ता से भाग गए




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीशमहल का मुद्दा उठाकर केजरीवाल को जनता के कटघरे में खड़ा कर दिया है।



**अजय सेतिया** की कलम से

अरविंद केजरीवाल बुरी तरह बौखला गए हैं। उनकी हालत वैसी ही हो गई है, जैसे 2013 में चुनावों से पहले शीला दीक्षित की हो गई थी। खुद आम आदमी पार्टी के सर्वेक्षण में केजरीवाल, सिसोदिया और आतिशी मार्लेना तीनों हार रहे हैं। लेकिन, आम आदमी पार्टी की हालत उस समय की कांग्रेस की हालत से कुछ बेहतर है। 2013 में कांग्रेस को 8 सीटें मिल गई थीं, लेकिन आम आदमी पार्टी को 17 से 20 तक सीटें मिलने का अनुमान है। लग्जरी जिन्दगी जीने की अपनी बचपन की हसरतें पूरी करने के लिए बनाया गया शीशमहल केजरीवाल को सबसे महंगा पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीशमहल का मुद्दा उठाकर केजरीवाल को जनता के कटघरे में खड़ा कर दिया है। वह इतना भड़क गए कि उन्होंने उलटे प्रधानमंत्री आवास की कीमत बता डाली। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री आवास की कीमत 2700 करोड़ है। लेकिन, उसे नरेंद्र मोदी ने अपने लिए नहीं बनवाया। 5, 6, 7 रेसकोर्स को नरसिम्हा राव के समय प्रधानमंत्री का स्थाई आवास बनाया गया था। उनके बाद चार प्रधानमंत्री उस आवास में रह चुके हैं। मोदी पांचवें प्रधानमंत्री हैं। जबकि, दिल्ली के मुख्यमंत्री का कोई स्थाई आवास नहीं है, केंद्र सरकार ने कुछ सरकारी बंगले दिल्ली सरकार के लिए आवंटित किए हैं। उन्हीं में से एक आवास मुख्यमंत्री को मिलता है। लेकिन, केजरीवाल ने केंद्र सरकार की इजाजत के बिना ही उस आवास को तुड़वा दिया। उसके बगल में अधिकारियों के लिए बने बंगलों और फ्लेटों को भी खाली करवा कर बुलडोजर फिरा दिया। अपने ऐशो आराम के लिए चार बंगलों जितना 50 हजार गज का नया शीशमहल खड़ा कर लिया और यह सब कुछ कोविड के दौरान चोरी छिपे किया गया। और, केजरीवाल ने इसे अपने बचपन में पाल रखे शोक को पूरा करने के लिए बनवाया। मुख्यमंत्री पद की धौंस पट्टी दिखा कर आप ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से अवैध निर्माण करवाया और किसी को कानों कान खबर तक नहीं लगने दी। अब जब प्रधानमंत्री ने उन्हें कटघरे में खड़ा किया तो वह प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री के काफिले की कारों, प्रधानमंत्री के लिए इस्तेमाल होने वाले विमान को गिना रहे हैं। इनमें से कुछ भी नरेंद्र मोदी ने तय नहीं किया, जो पहले से चला आ रहा था, वही चला आ रहा है। ये सब कुछ सुरक्षा की कमेटी तय करती है। केजरीवाल एक आधे राज्य के मुख्यमंत्री हैं, कायदे से सिर्फ दिल्ली के महापौर है। वह अपना मुकाबला देश के प्रधानमंत्री से कर रहे हैं। केजरीवाल ने मोदी के 10 लाख रुपए के सूट का कटाक्ष किया, जो उन्होंने 2015 के चुनाव में भी किया था, और 2020 के चुनाव में भी किया था। क्या वह सूट मोदी ने सरकारी खर्चे पर बनवाया था। यह सूट हीरों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापारी रमेश कुमार भीखा भाई विरानी ने गिफ्ट किया था। जिसे मोदी ने नीलामी में बेचकर उससे मिले 4 करोड़ 31 लाख रुपए नमामी गंगा ट्रस्ट को दे दिए थे। प्रधानमंत्री के हमलों से बौखला गए केजरीवाल भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र उठा लाए। खुद को पढ़ा लिखा कहने वाले केजरीवाल को क्या इतना भी पता नहीं होगा कि संकल्प पत्र तो चुनावों में हर पार्टी जारी करती है। लेकिन, जिसकी सरकार बनती है, वह अपना संकल्प पत्र लागू कर सकता है, क्योंकि बजट और सरकारी खजाना तो उसी के पास होता है। केजरीवाल को सब पता है, लेकिन वह दिल्ली की जनता को मूर्ख बना रहे हैं। हिसाब तो केजरीवाल को खुद को देना है, और उनके लफ्फाजी हिसाब किताब से इस बार उनकी नैया पार नहीं होगी। जनता ने झूठी कसमें भी देख ली हैं, यमुना की सफाई भी देख ली, टूटी सड़कें और सीवर पानी की हालत भी देख ली है। केजरीवाल ने केंद्र सरकार से हिसाब मांगा था तो 15 घंटों के अंदर अमित शाह ने 68 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू करने का हिसाब किताब देकर केजरीवाल की चूलें हिला दी। केजरीवाल की पोल तो पंजाब की महिलाओं ने दिल्ली में केजरीवाल के घर के सामने प्रदर्शन करके पेंशन के झूठे वायदे की पोल खोल दी। केजरीवाल ने जब प्रवेश वर्मा के घर पर महिलाओं को प्रदर्शन करने भेजा था तो वे उन महिलाओं से बात करने बाहर आए थे। उन्हें भी अपने पिता के सम्मान में बनाए ट्रस्ट से 2100 रुपए देने की पेशकश की थी। लेकिन, जब पंजाब की महिलाएं उनके घर पर प्रदर्शन कर रही थीं तो केजरीवाल घर के अंदर दुबके रहे। वही प्रवेश वर्मा अब केजरीवाल के सामने भाजपा के उम्मीदवार बन कर सामने आ गए हैं। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को केजरीवाल के सामने उतार दिया है तो कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे को केजरीवाल के सामने उतारा है। जो हर रोज केजरीवाल के विकास के दावों के आंकड़ों की पोल खोल रहे हैं। केजरीवाल के वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाओंऔर शिक्षा के झूठे दावों की पोल खुल रही है। जो केजरीवाल भाजपा के संकल्प पत्र पर सवाल पूछ रहे हैं, वह अपने संकल्प पत्र का हिसाब दें। 500 नए स्कूल बनाने का वादा था, एक भी नया स्कूल नहीं बना। एक भी नया अस्पताल नहीं बना, एक भी नई यूनिवर्सिटी नहीं बनी। कॉलेज को अपग्रेड करके यूनिवर्सिटी का दर्जा देने को केजरीवाल अपनी उपलब्धि बता रहे हैं। पहली बार केजरीवाल के झूठों की पोल खुल रही है। मोदी के भाषण का जवाब देने आए केजरीवाल उस समय प्रेस कॉन्फ्रेंस से भाग खड़े हुए, जब एक पत्रकार ने अपना खुद का उदाहरण देकर उनके स्वास्थ्य सेवाओं के दावे की पोल खोल दी। वह एक सवाल का सामना भी नहीं कर सके। 10 साल से उनसे कोई सवाल नहीं पूछ रहा था, अब जब सवाल पूछे जाएंगे तो केजरीवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़ कर भागा करेंगे। इसकी शुरुआत हो गई है।

## मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के कांगपोकपी जिले के लोइबोल खुनौ क्षेत्र से हथियारों और गोला-बारूद को जखीरा सुरक्षाबलों के हाथ लगा है। बताया गया है कि 7.62 एमएम स्नाइपर राइफल, एक इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार (पंपी), तीन पिस्तौल (9एमएम) और तीन मैगजीन, 12 बोर गन, एसबीबीएल गन, 10 कारतूस, तीन हैंड ग्रेनेड (नंबर 36), तीन पिकेट ग्रेनेड (एंटी-रायट), दो आंसू गैस ग्रेनेड (एंटी-रायट) और एक वायरलेस सेट (मोटोरोला) बरामद किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विशाल सिक्का ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और इंफोसिस के पूर्व सीईओ विशाल सिक्का ने भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को एक ज्ञानवर्धक बातचीत बताया और कहा कि भारत एआई में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें नवाचार और युवाओं के लिए अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों ने एआई और भारत पर इसके प्रभाव और आने वाले समय के लिए कई अनिवार्यताओं पर विस्तृत और व्यापक चर्चा की। विशाल सिक्का की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह वास्तव में एक ज्ञानवर्धक बातचीत थी।

### सीआईएसएफ जवान ने खुद को गोली मारी

**सूरत।** सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्यूटी कर रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान किशन सिंह ने सरकारी राइफल से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। सूरत हवाईअड्डे के बाथरूम में शनिवार दोपहर सीआईएसएफ के जवान ने खुद को सरकारी राइफल से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर अन्य जवान बाथरूम की ओर दौड़े, लेकिन बाथरूम का दरवाजा बंद था। दरवाजे के काफी प्रयास करने पर ना टूटने पर छत के जरिए किसी तरह बाथरूम में पहुंचकर दरवाजा खोला गया। अंदर जवान खून से लथपथ पड़ा था। उसे तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन पहले ही उसकी मौत हो गई।

## केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का 'प्रवेश', आतिशी के खिलाफ बिधूड़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

**■ दिल्ली विस चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। कालकाजी से आतिशी के खिलाफ भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा गया है। इसी सीट से कांग्रेस ने अलका लांबा को टिकट दिया है। भाजपा की पहली सूची में 29 नाम हैं। 16 सीटों पर उम्मीदवार बदले गए हैं, जबकि 13 पर मौजूदा विधायकों को टिकट दी गई है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द होने वाला है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने अब तक 48 उम्मीदवार घोषित किए हैं। भाजपा की पहली सूची में आप से आए चार नेता कैलाश गहलोत, राजकुमार आनंद, करतार सिंह और एनडी शर्मा को जगह दी गई है। वहीं, कांग्रेस से आए तीन नेताओं पर भी भरोसा जताया है।

## हम दो बार गलती से इधर-उधर चले गए थे, अब हमेशा साथ रहेंगे

एजेंसी, पटना

**■ लालू के ऑफर पर नीतीश कुमार का जवाब**

बिहार में राजद सुप्रीमो लालू यादव के नए साल पर पाला बदलने के ऑफर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिरे से खारिज कर दिया है। लालू के दिए गए ऑफर पर नीतीश कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि हम दो बार गलती से इधर-उधर चले गए थे, अब हम लोग हमेशा साथ रहेंगे और विकास के कार्य करेंगे। दरअसल, लालू ने नए साल के मौके पर एक बयान में कहा था कि नीतीश के लिए हमारा दरवाजा तो खुला है, नीतीश को भी खोलकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा था कि नीतीश आते हैं तो साथ काहे नहीं लेंगे? ले लेंगे साथ। नीतीश साथ में आएं, काम करें। उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार भाग जाते हैं, हम माफ कर देंगे। सोशल मीडिया पर नीतीश को लालू की तरफ से ऑफर वाला बयान खूब वायरल हुआ था। दरअसल, लालू यादव के दिए ऑफर पर नीतीश कुमार की चुप्पी से बिहार की राजनीति गर्मा गई थी।

### 11 सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

## छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

बीजापुर



पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया है। इसकी मामले की पूरी जांच के लिए 11 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के तीन आरोपियों की गिरफ्तारी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या की पूरी जांच के लिए 11 सदस्यीय एसआईटी को मामला सौंपा गया है। बस्तर आईजी ने बताया कि पत्रकार स्व. मुकेश चन्द्रकार के हत्या के प्रकरण में जिला बीजापुर के कोतवाली थाना में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 1/2025 की अग्रिम विवेचना के लिए मयंक गुर्जर, अति.पुलिस अधीक्षक, बीजापुर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की गई है। प्रकरण के फरार आरोपित ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार की गिरफ्तारी के लिए पृथक से 4 पुलिस टीम उनके संभावित स्थानों पर घेराबंदी के लिए रवाना किया गया है।

**पहल** मिलेट्स मिशन को बढ़ावा देने राज्य सरकार का बड़ा कदम

# उत्तराखंड सरकार ने किसानों से खरीदा 3100 मीट्रिक टन मंडुआ

एजेंसी, देहरादून

केंद्र और उत्तराखंड सरकार की ओर से अब मिलेट्स फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस कारण उत्तराखंड में मंडुआ उत्पादक क्षेत्र के साथ ही उत्पादन भी बढ़ रहा है। धामी सरकार ने इस साल विभिन्न सहकारी और किसान संघों के जरिए उत्तराखंड के किसानों से 3100 मीट्रिक टन से अधिक मंडुआ खरीदा है। सरकार ने इस साल किसानों को मंडुआ पर 4200 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य भी दिया है। उत्तराखंड के सीढ़ीदार खेतों में परंपरागत रूप से मंडुआ की खेती होती रही है। लेकिन कुछ साल पहले तक मंडुआ फसल उपेक्षा का शिकार रहती थी, जिस कारण किसानों का भी मंडुआ उत्पादन के



प्रति मोह भंग होने लगा था। मौजूदा राज्य सरकार ने मंडुआ उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए सबसे पहले 2022 इसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत के तहत, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदना शुरू किया। साथ ही उपभोक्ताओं तक मिलेट्स उत्पाद पहुंचाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली से लेकर मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषण कार्यक्रम में इसे शामिल किया गया। इसी तरह सरकार ने स्टेट मिलेट मिशन शुरू करते हुए, उत्पादन बढ़ाने के साथ ही, मिलेट्स उत्पादों को अपनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार, किसानों से खरीद से लेकर भंडारण तक की मजबूत व्यवस्था तैयार की। वहीं किसानों को बीज, खाद पर अस्सी प्रतिशत तक सब्सिडी दी गई।

**270 केंद्रों के जरिए खरीदी:** सचिव सहकारिता डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि सरकार ने दूर दराज के किसानों से मंडुआ खरीदने के लिए बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों के सहयोग से जगह-जगह संग्रह केंद्र स्थापित किए।

### समर्थन मूल्य में 68 प्रतिशत का उछाल

प्रदेश में 2021-22 में मंडुआ समर्थन मूल्य कुल 2500 प्रति क्विंटल था, जो 2024-25 में 4200 प्रति क्विंटल हो गया है। इस तरह दो साल के अंतराल में ही समर्थन मूल्य 68 प्रतिशत बढ़ गया है। किसानों तक इसका लाभ पहुंचने से मंडुआ उत्पादन क्षेत्र भी बढ़ रहा है। इसके साथ ही सरकार ओपर मार्केट और हाउस ऑफ हिमालय के जरिए भी मंडुआ उत्पादों को प्रोत्साहन दे रही है।

> उत्तराखंड में मंडुआ परंपरागत तौर पर उगाया जाता है। यह पौष्टिक होने के साथ ही जैविक भी होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मिलेट्स उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के बाद भी मंडुआ की मांग बढ़ी है। इसलिए राज्य सरकार सीधे किसानों से मंडुआ खरीद करते हुए, उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।
>
> **- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 6 जनवरी 2025-वाहेगुरु जी दा खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह

## पूरे विश्व में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ प्रभात फेरी शोभायात्रा निकालकर मनाया जा रहा है

**गुरु नानक देव व गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व आज भी उनके हर अनुयाई के हृदय में जोश व आत्मविश्वास का संचार करता है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ में जहां भी बाबा गुरु नानक देव जी के अनुयाई विशेष रूप से सिख, सिंधी या अन्य भाषी भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं,वहां गुरु नानक देव व गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को जरूर मनाया जाता है, जो इस वर्ष सोमवार दिनांक 6 जनवरी 2025 को मनाया जा रहा है, अनेक शहरों में यह पर्व 3 दिवसीय हो रहा है जिसमें प्रभात फेरी शोभायात्रा के रूप में बाबा जी की सवारी निकाली जा रही है, जैसे पटना में जो गुरु गोविंद सिंह का जन्म स्थल है वहां पर 4 से 6 जनवरी 2025 को प्रकाशपर्व शुरू हो गया है, जहाँ पूरे भारत के अनेक अनुयाई प्रकाशपर्व उत्सव में भाग लेते हैं, जहां रांची से अनेक भागों में 350 यात्रियों का जत्था भी पटना आ रहा हैं। वैसे ही पूरे देश व विदेशों से भी श्रद्धालु शामिल होते हैं।हमारी गोंदिया राइस सिटी में भी दिनांक 4 जनवरी 2025 को प्रकाशपर्व उत्सव के उपलक्ष में एक भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई जिसमें मैं प्रत्यक्ष रूप सेउपस्थित था, जिसमें बड़ी संख्या में सिख व सिंधी भाई शामिल थे, एक रथ में गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान थे व माताएं बहने भजन गा रही थी, अन्य भाई पारंपरिक वेशभूषा में कमाल के करिश्में दिखाते हुए झूम रहे थे पूरे पथों पर गुरु ग्रंथ साहिब के रथ के नीचे फूलों की चादर सी बिछाई जा रही थी,पथ पर जल छिड़ककर पवित्र किया जा रहा था। हर चौक पर प्रसाद वितरण हो रहा था मुझे बहुत आनंद आया व ऐसी ही यात्रा करीब-करीब दुनियाँ के हर देश व शहर में निकालकर गुरु गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाशपर्व मनाया जा रहा है,जिसमें 6 जनवरी 2025 को गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं। पूरे देश-विदेश के शहरों में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहे गुरु जी दा खालसा वाहे गुरु जी दी फतेह, चिड़िया नाल ते बाज लड़ावां, तां गोबिंद सिंह नाम धरावां आदि गुरुजी के जयकारे गूंज रहे थे। नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखकर पूरा वातावरण गुरुमय हो गया था। चूँकि गुरु नानक देव गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व आज भी उनके हर अनुयाई के हृदय में जोश व आत्मविश्वास का संचार करता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व विशेष 6 जनवरी 2025, वाहेगुरु जी दा खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह, इस आर्टिकल में दिए तथ्य मीडिया से लिए गए हैं जिनकी सटीकता का प्रमाण नहीं है, परंतु शोभायात्रा में मैं खुद उपस्थित था। साथियों बात अगर हम गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व व इस त्यौहार की तिथि व महत्व की करें तो,प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है,जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। सिख धर्म में कुल दस गुरु हुए हैं और इनमें से दो प्रमुख गुरुओं, गुरु नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मदिवस को विशेष रूप से प्रकाश पर्व या प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। साल 2025 में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 6 जनवरी, सोमवार को मनाया जा रहा है। गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उन्होंने मात्र दस वर्ष की आयु में गुरु की गद्दी संभाली और सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु बनें।उनका जन्म पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार, यह तिथि हर साल बदलती रहती है, लेकिन इस अवसर को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। प्रकाश पर्व का अर्थ है- अंधकार को दूर कर सत्य, ईमानदारी, और सेवा का प्रकाश फैलाना। गुरु नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी ने समाज में ज्ञान, सत्य, और न्याय का प्रकाश फैलाया। उन्होंने लोगों को यह सिखाया कि जीवन में सत्य और धर्म का पालन करना ही सच्चा प्रकाश है। इस दिन गुरुद्वारों को भव्य तरीके से सजाया जाता है, नगर कीर्तन निकाले जाते हैं, और श्रद्धालु अरदास, भजन-कीर्तन, तथा प्रभात फेरी में शामिल होकर गुरु जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। साथियों बात अगर हम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की करें तो,उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना बैसाखी के दिन की थी। यह एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसने सिख धर्म को एक नई दिशा और पहचान दी। खालसा पंथ का मुख्य उद्देश्य अन्याय, अत्याचार और अंधकार को समाप्त करना था।उन्होंने मुगलों और उनके अत्याचारियों के खिलाफ कई लड़ाइयाँ लड़ीं। उन्होंने कभी अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया और न ही अपने अनुयायियों को झुकने दिया। उन्होंने सिखों को आत्मसम्मान और निडरता का पाठ पढ़ाया।उनकी प्रसिद्ध वाणी वाहेगुरु जी दा खालसा, वाहेगुरु जी दी फतेहआज भी हर सिख के हृदय में जोश और आत्मविश्वास का संचार करती है। गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती को प्रकाश पर्व इसीलिए कहते हैं क्योंकि प्रकाश पर्व या प्रकाश उत्सव का अर्थ है मन से बुराइयों को दूर करते उसे सत्य, ईमानदारी, और सेवाभाव से प्रकाशित करना गुरु नानक देव और गुरु गोबिंद सिंह ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाया था, इसीलिए इस दिन को इस नाम से जाना जाता है। साथियों बात अगर हम गुरु गोविंद सिंह के जीवन को जानने की करें तो ऐसा, इतिहास पुरूष कभी भी राजसत्ता प्राप्ति, जमीन-जायदाद, धन सम्पदा या यश प्राप्ति के लिए लड़ाईयां नहीं लड़ते। श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ऐसे इतिहास पुरूष थे, जिन्होनें ताउम्र अन्याय , अधर्म अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाईयां लड़ी। गुरू जी की तीन पीढ़ियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। आज देश अपनी स्वतंत्रता की 75वी वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है, ऐसे में पूरे देश में स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों, बलिदानियों को याद किया जा रहा है। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को उनकी जयंती पर नमन कर प्रत्येक भारतवासी गर्व महसूस कर रहा है। वे नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर और माता गुजरी के इकलौते बेटे थे, जिनका बचपन का नाम गोबिंद राय था। सन् 1699 ई0 में बैसाखी के दिन गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर पांच व्यक्तियों को अमृत चखा का पांच प्यारे बना दिए। इन पांच प्यारों में सभी वर्गों के व्यक्ति थे। इस प्रकार से उन्होंने जात-पात मिटाने के उद्देश्य से अमृत चखाया । बाद में उन्होंने स्वयं भी अमृत चखा और गोबिंद राय से गोबिंद सिंह बन गए। गुरु गोबिंद सिंह ने एक खालसा वाणी वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह स्थापित की। साथ ही उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की भी स्थापना की। जिनमें केस, कंघा, कड़ा, कछ, किरपाण शामिल है।ये सिद्धान्त चरित्र निर्माण के मार्ग थे। उनका मानना था कि व्यक्ति चरित्रवान होकर ही विपरित परिस्थितियों व अत्याचारों के खिलाफ लड़ सकता है। गुरू गोबिन्द सिंह जी की वीरता और लोकप्रियता से आस पास के पहाड़ी राजा द्वेष करने लगे यहां तक बिलासपुर के राजा भीमचन्द सहित गढ़वाल, कांगड़ा के राजाओं ने मुगल शासक औरंगजेब के पास जाकर गुरु गोबिंद सिंह के खिलाफ लड़ने के लिए सैनिक सहायता मांगी और कहा कि इसके बदले में वे वार्षिक लगान देंगें। इसी प्रकार जब औरंगजेब की सेना का जनरल सैयद खान युद्ध के लिए आनंदपुर साहिब जाने लगा तो रास्ते में साधुरा नामक स्थान पर उनकी बहन नसरीना से मिले। उनकी बहन ने सैयद खान को गुरू गोबिन्द सिंह के खिलाफ युद्व करने से रोका और कहा कि वे पहले से ही गुरु जी की अनुयायी हैं और गुरु गोबिंद सिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक संत हैं। गुरु गोबिंद सिंह जी के चारपुत्र थे, जिनका नाम साहिबजादे अजीत सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबजादे फतेह सिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह था। उन्होंने अपने चारों पुत्र धर्म की रक्षा के लिए कुर्बान किए। मुगल शासक द्वारा दो पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सरहिंद में दीवार में चुनवा दिया गया । दो पुत्र अजीत सिंह और जुझार सिंह युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए । गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पुत्रों की शहादत में कहा था-

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 6 जनवरी 2025- वाहेगुरु जी दा खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह।पूरे विश्व में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ प्रभात फेरी,शोभायात्रा निकालकर मनाया जा रहा है। गुरु नानक देव व गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व आज भी उनके हर अनुयाई के हृदय में जोश व आत्मविश्वास का संचार करता है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गीता को जानें - 6**

# खीर कैसे बनी, इसमें उलझने से अच्छा है खीर खाकर भूख मिटा लें



**शाहीन सबा**

महाभारत युद्ध के अस्तित्व, युद्ध के बीच में गीता के गायन की वास्तविकता के बारे में अनेक बौद्धिक प्रश्न किये जाते हैं। क्या कुरुक्षेत्र वास्तव में है या हमारा यह शरीर ही कुरुक्षेत्र है? क्या महाभारत का युद्ध वास्तव में हुआ था या यह हमारे अंदर की वृत्तियों का युद्ध है? गीता का गायन आज से ठीक कितने वर्षों पूर्व हुआ? युद्ध के मैदान में जब दोनों ओर के योद्धा शस्त्र लेकर युद्ध करने के लिए तैयार हों, दोनों पक्षों ने शंख बजाकर रणघोष कर दिया हो, इतना कोलाहल हो रहा हो कि कौरवों के हृदय विदीर्ण हो गये थे तब गीता का गायन कैसे संभव है? वह कौन सा विज्ञान था जिसके द्वारा संजय ने आँखों देखा हाल धृतराष्ट्र को सुनाया?

इन प्रश्नों के उत्तर अनेक विद्वानों ने अपने-अपने मत के अनुसार देने का प्रयास किया है। कई विद्वान महाभारत की लड़ाई को हमारे भीतर धर्म और अधर्म की लड़ाई के रूप में लेते हैं। वे महाभारत के विभिन्न पात्रों को हमारे अंदर की वृत्तियों का प्रतीक मानते हैं। उनके अनुसार महाभारत तो प्रतिक्षण हमारे अंदर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कुछ विद्वान महाभारत में वर्णित ग्रहों की स्थिति और घटनाओं, विभिन्न ग्रंथों में वर्णित कथाओं, कुछ पुरातात्विक प्रमाणों के आधार पर इसे वास्तव में घटित बताते हैं। वे गीता का गायन विक्रम संवत् से लगभग 3 हजार वर्ष पूर्व मार्गशीर्ष के शुक्ल पक्ष की एकादशी को होना मानते हैं। इसी दिन गीता जयंती मनाई जाती है। युद्धक्षेत्र में गीता गायन की संभावना का स्पष्टीकरण इस प्रकार देते हैं कि गीता महाभारत के भीष्मपर्व के अध्याय 25 से 42 वें तक है और इसके समाप्त होने के बाद युधिष्ठर ने भीष्म पितामह के पास जाकर युद्ध की आज्ञा माँगी जिसका वर्णन 43वें अध्याय में है। इस प्रकार पर्याप्त समय था कि गीता का गायन हो सके। ऐसा भी कहा जाता है कि ज्ञान का सदैव अस्तित्व है यह अज्ञान से ढका रहता है। जिस क्षण अज्ञान हट जाता है ज्ञान स्वतः प्रकट हो जाता है। अज्ञान हटना एक घटना है जो उपयुक्त परिस्थितियों में कभी भी घट सकती है। भगवान् की उपस्थिति व सामीप्य से यह घटना अर्जुन में घट गयी और इसी का विस्तार वेदव्यास जी ने गीता में किया। इसके लिए युद्ध के बीच का एक क्षण ही पर्याप्त था। कुछ लोग कहते हैं कि उस समय विज्ञान इतने आगे था कि संजय कहीं से भी बैठकर युद्ध का आँखों देखा हाल बता सकता था। वहीं दूसरे मत वाले कहते हैं कि भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को गीता भले ही युद्ध के पहले सुनाई हो परंतु संजय ने युद्ध के 10वें दिन जाकर धृतराष्ट्र को युद्ध का हाल बताया और कृष्ण अर्जुन के बीच हुआ संवाद सुनाया। श्रद्धालु गीता को महाभारत का अंग मानते हैं जबकि कुछ भाषाविज्ञानी कहते हैं कि गीता बाद में महाभारत में जोड़ी गई है, प्रक्षिप्त है।



**सारे प्रश्न इतिहास, पुरातत्व और विज्ञान के हैं। इतिहासज्ञ विभिन्न ग्रंथों से उद्धरण लेंगे, शास्त्रार्थ करेंगे और नई-नई स्थापनाएँ प्रस्तुत करेंगे। पुरातत्् से विद्, पुरातात्विक स्थलों की खुदाई, प्राप्त अवशेषों की कार्बन डेटिंग के आधार पर नए-नए निष्कर्ष निकलेंगे। वे पुराने निष्कर्षों को गलत साबित करेंगे और भविष्य में होने वाली खोज वर्तमान निष्कर्षों को बदल देगी।**

यह सारे प्रश्न इतिहास, पुरातत्व और विज्ञान के हैं। इतिहासज्ञ विभिन्न ग्रंथों से उद्धरण लेंगे, शास्त्रार्थ करेंगे और नई-नई स्थापनाएँ प्रस्तुत करेंगे। पुरातत्् से विद्, पुरातात्विक स्थलों की खुदाई, प्राप्त अवशेषों की कार्बन डेटिंग के आधार पर नए-नए निष्कर्ष निकलेंगे। वे पुराने निष्कर्षों को गलत साबित करेंगे और भविष्य में होने वाली खोज वर्तमान निष्कर्षों को बदल देगी। यह क्रम चलता रहेगा। यह सभी विषय जड़ संसार से संबंधित हैं। संसार निरंतर बदलता रहता है, विज्ञान की खोजें बदलती रहती हैं, निष्कर्ष बदलते रहते हैं। इस संसार में कुछ भी अंतिम नहीं होता। गीता के बारे में उठाए जाने वाले इन प्रश्नों को हल करने का दुष्कर कार्य इन विषयों के विद्वानों का है। वे इनमें लगे हैं। दूसरों के शोधों का खंडन और अपने मत का मंडन निरंतर जारी है। इन शोधों से विद्वान अपनी जीविका चला सकते हैं, पांडित्य का गर्व कर सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं, धन पा सकते हैं परन्तु इन बौद्धिक विमर्शों से अपने जीवन से तनाव, चिन्ताएँ दूर नहीं कर सकते, योग में स्थित नहीं हो सकते और अपना आत्मकल्याण नहीं कर सकते।

साधक के रूप में, तत्व ज्ञान के जिज्ञासु के रूप में ऐसे प्रश्नों का कोई महत्व नहीं है। हमें इन प्रश्नों से आगे बढ़कर देखना है कि गीता में है क्या? वह कौन सा तत्व ज्ञान दे रहा है? कैसे हम उसका अपने जीवन में उपयोग कर सकते हैं? भगवान ने गीता के रूप में हमारे उद्धार के लिए अमृत की खीर बनाकर रखी है। अब हमारे पास यह स्वतंत्रता है कि हम इस बात में उलझे रहें कि वह खीर कैसे बनी? चूल्हा किसने जलाया? ईंधन कहाँ से लाए? उसकी रेसिपी क्या? है? या दूसरी ओर विकल्प है कि हम भगवान की बनाई खीर को खा लें और स्वयं अनुभव करें कि हमारी भूख शांत हुई है, हम तृप्त हो गये हैं। गीता में सिद्धांत, साधना और सिद्धि तीनों बताए हैं। अच्छा होगा कि पहले हम बुद्धि से यह विश्वास करें कि खीर मीठी है और मेरी भूख शांत करेगी। यह हुआ कि गीता के तत्वज्ञान को पहले बुद्धि से समझें। इसके लिए गीता का पठन पाठन, मनन करना होगा, वचन सुनने होंगे, सत्संग करना होगा। इससे सिद्धांतों का ज्ञान होगा। फिर खीर को खाना है। इसका अर्थ है गीता की साधना पद्धतियों को जीवन में क्रियान्वित करना। इसके बाद अनुभव होगा कि खीर खाने से भूख मिट गई, तृप्ति आ गई। गीता के संदर्भ में यह होगा - हमारे जीवन में परम शान्ति, तृप्ति का आगमन, संसार को देखने की हमारी दृष्टि में परिवर्तन, अपने असली स्वरूप का अनुभव, यह सिद्धि है।

गीता विद्वता के उद्देश्य से नहीं कही गई है वरन अर्जुन के माध्यम से हम सब के कल्याण के लिए कही गई है। इसलिए उसमें मनुष्य के कल्याण के जो भी साधन हो सकते हैं वह सभी कहे गये हैं। दूसरे शब्दों में कहें कि गीता की खीर एक रस नहीं है। गीता के पात्र में विविध प्रकार की खीर रखी है किसी में केसर पिस्ता मिश्रित है तो किसी में काजू किसमिस। किसी में शक्कर है तो किसी में गुड़। जो जिसको अच्छी? लगे वह उसे खा सकता है। पर खाना पड़ेगा तभी तृप्ति मिलेगी। साधकों से सामान्य त्रुटि यही होती है कि वे जीवन भर खीर की रेसिपी में उलझे रहते हैं, सामने परोसी गई खीर नहीं खाते और अंत में मानव जीवन के रूप में प्राप्त हुए इस महान अवसर को गँवा देते हैं। आइये हम भगवान के द्वारा परोसी गई इस आत्मकल्याण की खीर को खाना प्रारंभ करें। गीता का संदेश है कि हम विभिन्न मतों और सिद्धांतों को जानने और मानने में ही अपना जीवन व्यार्थ न कर दें अपितु इस सत्यता का जीवन में प्रत्यक्ष अनुभव करें ।

**ज्योतिर्विद**
*** ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव**

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 05 जनवरी से शनिवार 11 जनवरी 2025 तक

**व्रत उत्सव**

विक्रम सम्वत 2081, शकाब्द 1946, कलियुग सम्वत-5125, पौष शुक्लपक्ष रविवार षष्ठी तिथि से पौष शुक्ल पक्ष शनिवार द्वादशी तिथि तक। रविवार 5 जनवरी को स्कन्द षष्ठी। सोमवार 6 जनवरीः श्री गुरू गोविन्द सिंह जी की जयंती उत्सव। मंगलवार 7 जनवरीः शाकम्भरी उत्सव शुरू तथा मासिक श्री दुर्गाष्टमी। शुक्रवार 10 जनवरीः वैकुंठ एकादशी व्रत स्मार्त निम्बार्क आदि सभी वैष्णवों का एक ही दिन है। मतान्तर से आज पुत्रदा एकादशी भी है तथा कर्म अवतार द्वादशी भी है। शनिवार 11 जनवरीः शनिवारी प्रदोष व्रत, सूर्यास्त बाद के प्रदोषकाल में जो 48 मिनिट का होता है, शिव मंत्र जप, ध्यान पूजन का विशेषफला जिनकी जन्म पत्रिका में शनि ग्रह के कारण कष्ट क्लेश है उन्हें इस शुक्ल पक्ष के शनिवार को होने वाले प्रदोष से आरंभ कर दोनों पक्षों का प्रदोष व्रत करना चाहिए शीघ्र समाधान होगा। अगले सप्ताहः 13 जनवरी सोमवार को व्रत दान स्नान की पूर्णिमा। प्रयागराज कुम्भ पर्व स्नान पूर्णिमा। आज से माघ स्नान व्रत आरंभ। आज सोमवार को ही देवी शाकम्भरी जयंती। मंगलवार 14 जनवरी को सूर्य की निरयन मकर संक्रांति पुण्यकाल पूरे दिन। संक्रांति सुबह 8.56 बजे। तिल गुड़ ऊनी वस्त्रादि दान करें। शुक्रवार 17 जनवरी को कृष्ण पक्ष की संकष्टी चतुर्थी, तिल चतुर्थी। तिल के मिष्ठान दान करें।

**आकाश दर्शन और मौसम**

इस सप्ताह भी आज चार ग्रह एक ही रात में नित्य देख सकते हैं। शाम से गुरू ग्रह को दक्षिण पूरब में तथा पूरब में मंगल ग्रह शाम 6.30 बजे से शाम से दक्षिण दिशा में शनि ग्रह ठीक सिर पर। शुक्र ग्रह रात लगभग सवा नौ बजे तक देखिए पश्चिम में। इस गुरूवार-शुक्रवार की रात चन्द्र गुरू योग शाम को तथा 13-14 जनवरी सोमवार-मंगलवार की शाम चन्द्र मंगल योग देखिए। मौसम : व्यापक क्षेत्र में बादल तथा छुटपुट वर्षा का ग्रह संकेत है।

**व्यापार भविष्य**

चन्द्र गुरू मंगल आदि के योग शेयर मार्केट में सप्ताह के गुरू शुक्रवार को सामान्य तेजी का संकेत है। म्यूचुअल्स, वित्त बैंकिंग आई.टी. बीमा के शेयरों में अधिक तेजी संभावित है।

**मेष**- इस सप्ताह के शुरू में सोमवार के लगभग खर्च और कुछ असुविधाओं का सामना हो सकता है, विचार भी बार बार बदलना पड़ सकते हैं। बुधवार से शेष सप्ताह में व्यापार रोजगार की स्थिति में अच्छा बदलाव होने के संकेत मिलेंगे। आपकी कोशिश सफल होगी, विरोधी परास्त होंगे स्थिति अनुसार कारोबारी लाभ भी बढ़ेगा। सप्ताहांत गुरु चंद्र का योग परिवार में प्रसन्नता के प्रसंग, आशा आश्वासन की पूर्ति का संकेत दे रहा है। आपकी कही गई कोई बात सही हो सकती है।

**वृष**- आपकी राशि पर इन दिनों बृहस्पति ग्रह दक्षिण पूर्व में दिखाई दे रहा है सप्ताहांत शुक्र शनिवार को आपको गुरु के साथ चंद्र का योग भी दिखाई देगा जो आपकी कोई बड़ी इच्छा आकांक्षा पूरी करने में सहायक होगा, आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि करने वाले प्रसंग भी हो सकते हैं, कोई प्रभावशाली व्यक्ति भी आपसे भेंट करेगा। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल है। बुधवार गुरुवार खर्च परिश्रम। बढ़ाने वाले दिन रह सकते हैं। सोमवार के आसपास नए परिचय से निकटता बढ़ाने में सावधानी रखें। रविवार गुरु शुक्र शनिवार लाभ और संतोष के अलावा परोपकारी वृत्ति बढ़ाने वाले भी रह सकते हैं।

**मिथुन**- आपका मन इस और अगले सप्ताह दूसरों की भलाई के लिए कुछ काम करने का रहेगा, बहुत संभव है इस काम के लिए आप किसी संस्था की मदद लेना चाहेंगे। व्यापार रोजगार में बड़े उद्देश्य के लिए खर्च करने का इरादा और प्रबल होगा जबकि इसके लिए धन की व्यवस्था करने में अधिक कठिनाई नहीं आएगी। सप्ताह के शुरू में कामकाज में एक से अधिक बार बदलाव हो सकते हैं पर इससे आपका उद्देश्य पूरा होने में कोई रुकावट नहीं आएगी। बिगड़े हुए काम बन जाने का संयोग भी आपकी नई युक्ति से संभव होगा। व्यापार रोजगार में लाभ की दृष्टि से पूरा सप्ताह आशाजनक रहने वाला है।

**कर्क**- आपको किसी मतभेद वाले मामले में सुलह करने में अच्छी सफलता इस सप्ताह के आखिर तक मिलने का ग्रह संकेत है, शुक्र शनिवार विशेष शुभ रहेंगे। कार्य क्षेत्र में सोमवार के लगभग कुछ अनिश्चित स्थिति रह सकती है और इरादे भी बार-बार बदल सकते हैं। धार्मिक रुचि के कार्य में भी समय और धन साधन का खर्च होने का योग इस और अगले सप्ताह में है। सप्ताह के आखिर में मान सम्मान बढ़ने का योग है। घर में किसी बड़े बुजुर्ग व्यक्ति और संतान पक्ष की ओर से भी प्रसन्नता का प्रसंग हो सकता है। व्यापारिक लाभ की दृष्टि से रविवार बुधवार शुक्र शनिवार उत्तम हैं।

**सिंह**- आपका कामकाज के क्षेत्र में विस्तार होने का योग चल रहा है इस सप्ताह भी इस दृष्टि से कुछ अच्छे घटना प्रसंग हो सकते हैं। पदोन्नति अधिकार वृद्धि के मामलों में भी अच्छी खबर इस सप्ताह मिल सकती है। सप्ताह के शुरू में रुके हुए लाभ मिल सकते हैं तथा कुछ पुराने मतभेद उभर कर दूर भी हो सकते हैं। ध्यान साधना में अच्छी उपलब्धि भी हो सकती है। निकट संबंधी के स्वास्थ्य और व्यवसाय से जुड़ी समस्या का कुछ समाधान होने का संकेत भी मिलेगा। रविवार मंगलवार गुरु शुक्र शनिवार व्यावसायिक व्यवहार से उत्तम रहेंगे।

**कन्या**- सप्ताह के शुरू में किसी निकट संबंधी से आकस्मिक क्लेश मतभेद हो सकता है जिसमें आपकी लापरवाही मुख्य कारण हो सकती है पर इसका समाधान भी दो तीन दिनों में हो जाएगा। इस सप्ताह उपयोगी यात्रा प्रवास होने का ग्रह संकेत भी प्रबल है। गुरु योग वश धर्म स्थल की यात्रा का विचार भी मन में आ सकता है सप्ताह के आखिर में गुरु चंद्र का योग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर हो रहा है जो आपको अपने कार्य क्षेत्र के अनुसार प्रसन्नता धन लाभ सम्मान देगा और मन में सात्विक वृत्ति का संचार बढ़ाने में भी सहायक रहेगा। व्यापार लाभ की दृष्टि से शुरू के दो एक दिन के अलावा पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

**तुला**- आपकी राशि के स्वामी शुक्र का शनि ग्रह से योग इन दिनों चल रहा है जिसे आप आकाश में भी सूर्यास्त के बाद लगभग 9.00 बजे तक पश्चिम दिशा में देख भी सकते हैं। यह योग आपकी पुरानी समस्या के समाधान में भी सहायक होगा। स्थाई संपत्ति से जुड़े मामलों में भी अच्छी प्रगति होगी, किसी पुरानी वस्तु के नवीनीकरण का विचार भी पूरा हो सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी आपको पुरानी व्याधि से काफी राहत इस ग्रह योग के कारण मिलेगी। सप्ताह के शुरू में कामकाज में आपके आधे अधूरे इरादों के कारण प्रगति धीमी रह सकती है। वैसे सप्ताह के अधिकतर दिन आपको अनुकूल और लाभकारी रहेंगे। सप्ताह के आखिर में आपको आध्यात्मिक अनुभव भी हो सकते हैं बचत से भी सत्ता के आखिर में लेनदेन का संकेत है।

**वृश्चिक**- सप्ताह के शुरू में राहु चंद्र योग के कारण मन कुछ अशांत रह सकता है व्यावसायिक लक्ष्य पूरे करने की चिंता के अलावा संतान पक्ष की ओर से भी चिंता रह सकती है। परन्तु सप्ताह मध्य और सप्ताह के आखिर में आपकी चिंता का अच्छा समाधान होने का योग है। बदलते हुए मौसम के कारण परेशानी का संकेत सप्ताह के मध्य में है। सप्ताह के आखिर में व्यापार रोजगार से जुड़े मामलों में प्रसन्नता के प्रसंग होने का, लाभकारी समझौते होने का और आपके कार्यों की प्रशंसा होने का ग्रह संकेत प्रबल है। रविवार और फिर बुधवार से शनिवार तक का समय व्यापार लाभ के लिहाज से उत्तम है।

**धनु**- आपको अपने व्यापार रोजगार के क्षेत्र में पुराने लेनदेन के संबंधों को नया करने से अपेक्षाकृत अधिक लाभ हो सकता है इसलिए इस दिशा में पहल करना उपयोगी रहेगा। इस सप्ताह पुरानी यादें ताजा होने का अवसर भी उपस्थित होगा। सप्ताह के शुरू में आपसी कहा सुनी या टिप्पणी के कारण परिवार में या समाज में कुछ क्लेश उभर सकता है पर यह क्षणिक ही रहेगा, इसका समाधान शीघ्र ही हो जाएगा। स्थाई संपत्ति की मरम्मत बीमा इत्यादि पर खर्च का योग भी है। संतान पक्ष की ओर इस सप्ताह आपको अधिक ध्यान देना पड़ सकता है। आर्थिक लाभ और व्यापार में विरोधी से आगे आने की दृष्टि से सप्ताह का गुरु चंद्र योग आपको विशेष मददगार रहेगा। आपके बड़े काम के लिए समर्थन और धन आदि जुटाने में सफलता मिलेगी विरोधी पक्ष को भी अनुकूल करने में आप कामयाब होंगे। व्यापार लाभ की दृष्टि से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

**मकर**- आपकी राशि का स्वामी शनि शाम होते ही दक्षिण दिशा में दिखाई दे रहा है आपकी राशि से बुद्धि भाव का स्वामी शुक्र इन दिनों शनि ग्रह से योग करने की तरफ बढ़ रहा है। यह योग आपकी पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में नए मार्ग भी बना सकता है। संपत्ति के नवीनीकरण पर खर्च करने का विचार भी बनेगा जिसके लिए आपको धन-साधन जुटाना में सफलता मिलेगी। संतान पक्ष की ओर से प्रसन्नता के प्रसंग होने का योग है। सोमवार के लगभग नए व्यक्तियों से भेंट वार्ता में अधिक सावधानी रखें। व्यापार में सफलता और लाभ तथा निजी जीवन में प्रसन्नता के लिहाज से पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

**कुंभ**- आपकी राशि के स्वामी शनि का आपकी राशि पर से संचार इन दिनों शाम होते ही दक्षिण के आकाश में दिखाई दे रहा है शुक्र ग्रह भी इन दिनों आपकी राशि पर से संचार कर रहा है और शनि से योग की तरफ बढ़ रहा है। शुक्र शनि का यह योग आपकी पुरानी समस्याओं के समाधान में अच्छा सहायक होगा, किसी बड़े उपक्रम को व्यापार रोजगार में आगे बढ़ाने में आपको इस योग के कारण सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह योग अनुकूल है। सप्ताह के शुरू में कहा सुनी से और वायदे करने से बचें खासकर इस सोमवार के आसपास। सप्ताह मध्य लघु यात्रा हो सकती है तथा सप्ताह के आखिर में धर्म स्थल के दर्शन करने का या इसकी योजना बनाने का संयोग भी उपस्थित हो सकता है। घर परिवार में प्रसन्नता के नए प्रसंग होने का योग है। व्यापार रोजगार में लाभ के लिए सप्ताह उन्नति कारक रहेगा।

**मीन**- आपकी राशि का स्वामी ग्रह बृहस्पति आप शाम होते ही आकाश में देख सकते हैं सप्ताह के आखिर में चंद्रमा का इस गुरु से योग होने जा रहा है यह आपको कई दृष्टि से प्रसन्नता दायक और सफलता दायक रहेगा। आपको कोशिश में अच्छी सफलता मिलेगी, अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा तथा अच्छी खबर भी कुछ मामलों में मिल सकती है। सप्ताह के शुरू में आप अपने कार्यक्रमों में एक से अधिक बार परिवर्तन करना चाहेंगे इसे आपकी और दूसरों की उलझन बढ़ सकती है। परिवार में संबंधी जनों का आवागमन होने से प्रसन्नता होगी। सप्ताह के आखिर में अधिकारी वर्ग से संपर्क बढ़ाने का तथा आनंददायक यात्राएं होने, सत्संग होने का योग है जिसका असर अगले सप्ताह तक रहेगा। व्यापार रोजगार में लाभ की दृष्टि से सप्ताह के अधिकांश दिन अनुकूल हैं।

# सिडनी टेस्ट में भारत का पलटवार, मिली 145 रन की बढ़त

## सिराज और कृष्णा ने झटके तीन-तीन विकेट, ब्यू वेबस्टर ने जड़ा अर्धशतक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 181 रन पर समेटा



### पंत ने ताबड़तोड़ बनाए 61 रन भारत ने दूसरी पारी में छह विकेट खोकर बनाए 141 रन

● सिडनी

**सिडनी** टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर समेट दिया और बाद में चार रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बना लिए। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हो चुकी है। दिन का खेल खत्म होने के समय जडेजा आठ और वाशिंगटन सुंदर छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे।

खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण शनिवार को विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (61) की विस्फोटक बल्लेबाजी रही। उन्होने यह रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाए। उन्होने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वह पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गए। भारत की उम्मीद विराट कोहली का बल्ला आज भी नहीं चला और वह सिर्फ छह रन का योगदान दे सके। यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरुआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही आउट हो गए। चायकाल से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त हो गई। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि सिराज ने 51 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट मिले। चार रन की लीड मिलने के बावजूद जसप्रीत बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। सत्र की शुरुआत में सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर चले गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है। भारतीय गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज दबाव के कारण संघर्ष की स्थिति में रहे। विशेषकर लंच के बाद भारतीय गेंदबाजों ने अपनी स्विंग और रफ्तार से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। बुमराह की गैर मौजूदगी में मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सबको आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टार्क को 1 रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद, नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अद्भुत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किए। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले, भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरुआत की थी।



### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 185 रन

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैम का जयसवाल बो सिराज | 23 | 38 | 3 | 0 |
| ख्वाजा का राहुल बो बुमराह | 02 | 10 | 0 | 0 |
| लाबुशेन का पंत बो बुमराह | 02 | 8 | 0 | 0 |
| स्मिथ का राहुल बो कृष्णा | 33 | 57 | 4 | 1 |
| ट्रैविस हेड का राहुल बो सिराज | 04 | 3 | 1 | 0 |
| वेबस्टर का जयसवाल बो कृष्णा | 57 | 105 | 5 | 0 |
| एलेक्स केरी बो कृष्णा | 21 | 36 | 4 | 0 |
| कमिंस का कोहली बो नीतीश | 10 | 20 | 1 | 0 |
| स्टार्क का राहुल बो नीतीश | 01 | 4 | 0 | 0 |
| नाथन लियोन नाबाद | 07 | 17 | 0 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड बो सिराज | 09 | 9 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 12 रन

कुल : 51 ओवर में 181 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-9, 2-15 , 3-35, 4-39, 5- 96, 6-137, 7-162, 8-164, 9-166, 10-181

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 1 | 33 | 2 |
| मोहम्मद सिराज | 16 | 2 | 51 | 3 |
| प्रसिद्ध कृष्णा | 15 | 3 | 42 | 3 |
| नीतीश कुमार | 7 | 0 | 32 | 2 |
| रवीन्द्र जडेजा | 3 | 0 | 12 | 0 |

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बो बोलैंड | 22 | 35 | 4 | 0 |
| केएल राहुल बो बोलैंड | 13 | 20 | 2 | 0 |
| गिल का कैरी बो वेबस्टर | 13 | 15 | 2 | 0 |
| कोहली का स्मिथ बो बोलैंड | 06 | 12 | 1 | 0 |
| पंत का कैरी बो कमिंस | 61 | 33 | 6 | 4 |
| जडेजा खेल रहे है | 08 | 39 | 1 | 0 |
| नीतीश का कमिंस बो बोलैंड | 04 | 21 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर खेल रहे है | 06 | 17 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 8 रन

कुल : 32 ओवर में छह विकेट पर 141 रन

विकेट पतन: 1-42, 2-47, 3-59 , 4-78, 5- 124, 6-129

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 4 | 0 | 36 | 0 |
| पैट कमिंस | 11 | 4 | 31 | 1 |
| स्कॉट बोलैंड | 13 | 3 | 42 | 4 |
| ब्यू वेबस्टर | 4 | 1 | 24 | 1 |

# जसप्रीत बुमराह की पीठ में खिंचाव, मेडिकल अपडेट का इंतजार

**सिडनी** : भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने मौजूदा सीरीज के दौरान पीठ में ऐंठन का अनुभव होने के बाद जसप्रीत बुमराह की स्थिति के बारे में जानकारी दी है।

कृष्णा ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बुमराह कड़ी चिकित्सा निगरानी में हैं। उन्होने कहा कि बुमराह को पीठ में ऐंठन का अनुभव हुआ और स्कैन कराया गया। मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है, और अपडेट देने के बाद हमें स्थिति का पता चलेगा। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारत के कार्यवाहक कप्तान बुमराह मेडिकल स्कैन के लिए शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) से चले गए। हालांकि बाद में वह स्टेडियम में लौट आए और ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों के साथ फिर से शामिल हो गए हैं। 29 वर्षीय तेज गेंदबाज को सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन लंच के

### जसप्रीत बुमराह ने पूरी श्रृंखला में 13.06 की शानदार औसत से अब तक लिए 32 विकेट लिए

बाद के सत्र के दौरान असहजता का अनुभव होने के बाद मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। तत्काल चिकित्सा सहायता मांगने के बाद, बुमराह को मैदान से बाहर निकलते देखा गया। बाद में रिपोर्टों से पुष्टि हुई कि चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए उनका स्कैन कराया गया। जाने से पहले बुमराह ने शनिवार को आठ ओवर फेंके थे, जिसमें उन्होने मार्नस लाबुशने का विकेट लिया। चोट लगने से पहले उन्होंने श्रृंखला के पांच टेस्ट मैचों में कुल 151.2 ओवर फेंके थे, जो ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस (152 ओवर) के बाद दूसरे स्थान पर थे। उनके अत्यधिक इस्तेमाल ने जोखिम के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। तेज गेंदबाज पूरी श्रृंखला में जबरदस्त फॉर्म में रहे, उन्होंने 13.06 की शानदार औसत से 32 विकेट लिए। उनके प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने के हरभजन सिंह के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। इससे पहले बुमराह 2018 के इंग्लैंड दौरे के दौरान अंगूठे की चोट, 2019 में पीठ के निचले हिस्से में तनाव समेत कई चोटों का सामना कर चुके हैं। 2022 में, भारत के इंग्लैंड दौरे के दौरान पीठ की चोट के कारण उन्हें कई महीनों तक बाहर रहना पड़ा था, हालांकि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के दौरान वापसी की, लेकिन एक और चोट के कारण उन्हें 11 महीने तक बाहर रहना पड़ा।



## सार संक्षेप

### सैकिया का सचिव और प्रभतेज का कोषाध्यक्ष चुना जाना तय

**मुंबई** : भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के अंतरिम सचिव के तौर पर काम कर रहे देवजीत सैकिया ने शनिवार को सचिव पद के लिए और प्रभतेज भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। दोनो के ही निर्विरोध चुने जाने की पूरी उम्मीद है। बीसीसीआई सचिव जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन चुने जाने के बाद सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं वहीं आशीष शेलार के महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद रिक्त कोषाध्यक्ष पद के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के प्रभतेज ने नामांकन किया है। शाह के पद छोड़ने के बाद बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बोनी ने सैकिया को अंतरिम सचिव के रूप में नामित किया था। बीसीसीआई के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार शनिवार शाम चार बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकते थे जिसमें सैकिया और प्रभतेज ने ही अपना नामांकन दाखिल किया है और दोनों का ही निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

### आइस हॉकी लीग में चांगला ब्लास्टर्स और शम वोल्व्स की दमदार शुरुआत

**लेह** : रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के पहले दिन चांगला ब्लास्टर्स ने यूनाइटेड नुबरा को 6-2 से हराया जबकि शम वोल्व्स ने मरीयल स्पावो को 4-1 से पराजित कर अपने अभियान की शुरुआत की। चांगला ब्लास्टर्स ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पहले पीरियड में एक के बाद एक चार गोल दागे वहीं एक मात्र गोल यूनाइटेड नुबरा से हुआ। जेमोटुप ने गोल की शुरुआत की, इसके बाद तुनातुप ने लगातार दो गोल कर एक मजबूत बढ़त बनाई। फिर त्सेवांग टी ने चौथा गोल कर चांगला ब्लास्टर्स की स्थिति मजबूत कर दी। यूनाइटेड नुबरा का एकमात्र जवाब ओपदमा एम का था। दूसरे पीरियड में दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर जवाबी हमले किए मगर गोल करने मे असफल रहीं। तीसरे और अंतिम पीरियड में चांगला ब्लास्टर्स डॉर्जी एम और आंगचुक डब्ल्यू ने गोल करके टीम की बढ़त दिला दी। यूनाइटेड नुबरा के तामिम आर ने एक गोल किया, लेकिन यह उनकी टीम के लिए वापसी की उम्मीद नहीं जगा सका।

### सेंथिल कुमार करेंगे आईटीएफ जे300 टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी

**नई दिल्ली** : भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी सेंथिल कुमार छह जनवरी से यहां शुरू हो रही आईटीएफ जे300 प्रतियोगिता में पुरुष टीम की कमान संभालेंगे जबकि लड़कियों की अगुवाई माया राजेश्वरन रेवती करेंगी। पिछले सत्र में आईटीएफ जूनियर सर्किट पर कई टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले सेंथिल के अलावा भारत के शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हितेश चौहान (तीसरी रैंकिंग), अर्णव पापरकर (चौथी रैंकिंग) और वरूण वर्मा (पांचवीं रैंकिंग) भी लड़कों के वर्ग के मुख्य ड्रॉ में हिस्सा लेंगे। डीएलटीए परिसर में खेले जाने वाले टूर्नामेंट में दुनिया के 87वें नंबर के निकता बिलोजेर्त्सेव और तुर्की के दुनिया के 111वें नंबर के खिलाड़ी हेदर केम गोकपिनर भी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

# मैं अभी संन्यास नहीं लेने वाला हूं : रोहित



● सिडनी,

**भारतीय** क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पांचवें और निर्णायक टेस्ट मैच के लिए टीम से बाहर होने के बाद चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि वह न तो हटाए गए हैं और न ही उनका संन्यास का कोई इरादा है।

अपने टेस्ट क्रिकेट भविष्य के बारे में रोहित ने शनिवार को एक साक्षात्कार के दौरान यह बातें कहीं। भारतीय कप्तान ने दृढ़ता से कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की उनकी कोई योजना नहीं है। आस्ट्रेलियाा के खिलाफ पांचवें एवं निर्णायक टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम से रोहित को बाहर किए जाने से ड्रेसिंग रूम में संभावित तनाव के बारे में मीडिया में अटकलें लगने लगीं थी जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा मैच के लिए रोहित की उपलब्धता की पुष्टि करने से इनकार करने से इन अटकलों को हवा मिली थी। रोहित ने कहा कि उनका टीम से हटना पूरी तरह से स्वैच्छिक था और टीम की जरुरतों के मुताबिक था। उन्होंने कहा कि यह संन्यास का फैसला नहीं है। मैं इस खेल से दूर नहीं जा रहा हूं। ऐसे महत्वपूर्ण मैच के लिए टीम को इन-फॉर्म खिलाड़ियों की जरूरत थी।

### बोले : मुझे न तो टीम से हटाया गया है और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए टीम को इन-फॉर्म खिलाड़ियों की जरूरत थी

उन्होंने भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं अब से दो महीने या पांच महीने बाद रन बनाऊंगा। मेरा मानना है कि चीजें बदल जाएंगी, लेकिन साथ ही, मुझे यथार्थवादी होना होगा। रोहित ने आलोचकों को सीधा जवाब देते हुए कहा कि बाहरी राय उनके करियर के फैसले तय नहीं करेगी। कमेंटरी बॉक्स में बैठे लोग या हाथ में लैपटॉप लेकर लिखने वाले लोग यह तय नहीं करेंगे कि मेरी जिंदगी कैसे गुजरेगी। मैंने यह गेम काफी समय तक खेला है और यह मै तय करुंगा कि मैं कब खेलूंगा, कैसे खेलूंगा, कब कप्तानी करूंगा या कब पद छोड़ूंगा। एक पिता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों की तुलना करते हुए रोहित ने कहा कि मैं एक समझदार और परिपक्व व्यक्ति हूं, दो बच्चों का पिता हूं। मेरे पास दिमाग है और मैं जानता हूं कि मुझे अपने जीवन से क्या चाहिए।

# सैम के खिलाफ भारतीयों का रवैया पसंद नहीं आया: कोच मैकडॉनल्ड

● सिडनी,

**ऑस्ट्रेलिया** के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा कि सैम कॉन्स्टास के खिलाफ वह भारतीय खिलाड़ियों के रवैये को पसंद नहीं करते हैं।

गौरतलब है कि गावस्कर बार्डर ट्राफी की मौजूदा सीरीज के पांचवे और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन के खेल के आखिरी क्षणों में कॉन्स्टास और भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के बीच बहस हो गई थी। इस बहस के दो गेंदों के बाद बुमराह ने ख्वाजा को दिन की आखिरी गेंद पर आउट कर दिया था। विकेट लेने के बाद बुमराह दौड़ कर कॉन्स्टास के पास गए और उन्हे घूरा जिसके बाद टीम के अन्य सदस्यों ने जश्न मनाया। मैकडॉनल्ड ने कहा कि जिस तरह भारत ने उस विकेट का जश्न मनाया वह काफी डराने वाला था। हालांकि यह खेल के नियमों के दायरे में था। यहां कोई आरोप नहीं लगाया जा रहा है, लेकिन विपक्षी टीम का नॉन-स्ट्राइकर के चारों ओर इस तरह जमा होना शायद ठीक नहीं था।



बल्लेबाज की मानसिक स्थिति सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है ताकि वह मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर सके। उन्होने कहा कि यह नियमों के दायरे में था, क्योंकि उसके लिए कोई जुर्माना या सजा नहीं दी गई। इसलिए मैं इसे आईसीसी, एंडी पाइक्रॉफ्ट (मैच रेफरी) और मैदान पर मौजूद अंपायरों पर छोड़ता हूं। अगर उन्हें यह संतोषजनक लगा तो ठीक है। गौरतलब है कि कॉन्स्टास ने दूसरे दिन शनिवार को 23 रन बनाए, जिसमें बुमराह के खिलाफ सीधा ड्राइव और डीप थर्ड की ओर स्कूप शॉट भी शामिल थे।

# केपटाउन टेस्ट-दक्षिण अफ्रीका ने बनाए 615 रन

## रिकेलटन का दोहरा शतक, बावुमा और वेरियन ने लगाई सेंचुरी

● नई दिल्ली

**दक्षिण** अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच केपटाउन में टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच खेला जा रहा है। शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने मुकाबले के दूसरे दिन तीसरे सेशन तक बल्लेबाजी की और 615 रन बनाए।

रायन रिकेलटन ने 259 रन की मैराथन पारी खेली। टेम्बा बावुमा और काइल वेरियन ने सेंचुरी लगाई। पाकिस्तान से मोहम्मद अब्बास और सलमान अली आगा ने 3-3 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है। अफ्रीकी ओपनर का तीसरा हाईएस्ट स्कोर रिकेलटन ने 343 गेंद पर 259 रन बनाए। उनकी पारी में 29 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उन्हें मीर हम्जा ने मोहम्मद अब्बास के हाथों कैच कराया। रिकेलटन ने दक्षिण अफ्रीका के ओपनर के रूप में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उनसे आगे ग्रीम स्मिथ और गैरी कर्स्टन हैं। स्मिथ 277 रन बनाकर टॉप पर और कर्स्टन 275 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। टेम्बा बावुमा ने 179 गेंद पर 106 रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उन्हें सलमान आगा ने मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। बावुमा ने रिकेलटन के साथ चौथे विकेट के लिए 235 रन की पार्टनरशिप की। बावुमा ने सेंचुरी पूरी करने के बाद इमोशनल सेलिब्रेशन भी किया। बावुमा के बाद विकेटकीपर काइल वेरियन ने भी सेंचुरी लगा दी। उन्होंने 147 गेंद पर 100 रन की पारी में 9 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने रिकेलटन के साथ छठे विकेट के लिए 148 रन की पार्टनरशिप की। उन्हें भी सलमान आगा ने ही पवेलियन भेजा। दिन के तीसरे सेशन में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी भी शुरू कर दी। उनकी शुरूआत खराब रही और टीम ने 20 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान शान मसूद 2, कामरान गुलाम 12 और सऊद शकील खाता खोले बगैर आउट हो गए। स्टंप्स तक बाबर आजम 31 और मोहम्मद रिजवान 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 64 रन बना लिए, लेकिन दक्षिण अफ्रीका अब भी 551 रन से आगे है। होम टीम के लिए कगिसो रबाडा ने 2 और मार्को यानसेन ने 1 विकेट लिया। इससे पहले आखिर में मार्को यानसेन ने 62 और केशव महाराज ने 40 रन बनाकर टीम का स्कोर 600 के पार पहुंचा दिया। क्वेना मफाका खाता खोले बगैर आउट हुए और दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 615 रन बनाकर ऑलआउट हुआ।




# भारतीय यूथ टीम ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

**लखनऊ** : मेजबान भारत की यूथ टीम ने बेहतर रणनीति, दमदार अटैक और उम्दा डिफेंस के सहारे आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज-एशिया) में बांग्लादेश को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 35-29 से हराकर पहली जीत दर्ज की हालांकि देर शाम को जूनियर टीम कजाखिस्तान से 40-31 से हार गई। शनिवार को अंतिम मुकाबले में कजाखिस्तान ने भारत को 40-31 से हराया। कजाखिस्तान मध्यांतर तक 24-13 से आगे था। कजाखिस्तान से डौरेन टिलेक्काबिल ने 11 गोल दागे। डौलेट मुरातोव ने 10, निकिता ने 8 व रूस्तम ने 6 गोल किए। भारत की ओर से अजय मोयाल ने 11, मनदीप ने 8 व मोहित ने 5 गोल करने में सफलता हासिल की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को उज्बेकिस्तान ने यूथ व जूनियर दोनो में दोहरी जीत अपने नाम की। भारत की यूथ अंडर-18 टीम ने पहले हॉफ में बांग्लादेश ने कड़ी चुनौती दी और मेजबान ने पहले हॉफ में 17-15 से करीबी बढ़त बनाई। दूसरे हॉफ में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अटैकिंग मूव बनाए लेकिन बांग्लादेश ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। भारतीय गोलकीपर नवीन ने भी कई उम्दा बचाव करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)